पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

वर्ष - 22 ◆ अंक - 16 ◆ रायपुर 20 फरवरी 2026 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

## सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री



**रायपुर** / मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कोरिया प्रवास के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बैकुंठपुर स्थित प्रसिद्ध झुमका पर्यटन स्थल में निर्मित ओपन थिएटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने झुमका जलाशय में बोटिंग करते हुए क्षेत्र के मनोहारी प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया तथा यहां विकसित की गई पर्यटन सुविधाओं का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने झुमका जलाशय में शिकारा पर सवार होकर नौका विहार किया। चारों ओर हरियाली, शांत जलराशि और कमल के फूलों से सजा यह रमणीय स्थल अब एक आकर्षक पिकनिक स्पॉट के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने यहां बोटिंग, वाटर स्पोर्ट्स सहित विकसित पर्यटन गतिविधियों की जानकारी ली और व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने लगभग 27 लाख रुपए की लागत से निर्मित ओपन थिएटर का लोकार्पण किया।500 दर्शकों की बैठक क्षमता वाला यह ओपन थिएटर सांस्कृतिक आयोजनों के लिए नया केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि झुमका जलाशय केवल कोरिया जिले की पहचान ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाओं का प्रतीक है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रही जिंदगी - मुख्यमंत्री ने हितग्राहीमूलक सामग्रियों का किया वितरण

# उज्ज्वला गैस, पिंक ई-रिक्शा और गार्बेज रिक्शा वितरण से आत्मनिर्भरता को मिला नया संबल

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोरिया प्रवास के दौरान कोरिया महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण कर लाभान्वित किया।




मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में 105 पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस योजना से अब इन परिवारों को धुएं से मुक्ति मिलने के साथ सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्य के अनुकूल ईंधन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। इस अवसर पर स्व–रोजगार और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 6 आजीविका दीदियों को पिंक ई–रिक्शा (ग्रामीण आजीविका एक्सप्रेस) प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल महिलाओं की आय बढ़ाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 14 स्वच्छता दीदियों को गार्बेज रिक्शा भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल व्यवस्था नहीं बल्कि जनभागीदारी का अभियान है, और इस दिशा में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि समाज का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि सरकार जनकल्याण और आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है।





### देशसेवा का संकल्प और सफलता की उड़ान, मुंगेली की सुप्रिया सिंह बनी लेफ्टिनेंट

# सुप्रिया से प्रेरणा लेकर युवाओं को अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय महानदी भवन स्थित अपने कार्यालय में सीडीएस परीक्षा में ऑल इंडिया चौथा रैंक प्राप्त करने वाली मुंगेली की सुश्री सुप्रिया को सम्मानित किया। उन्होंने सुप्रिया और उनके परिजनों को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और मुँह मीठा कराया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुप्रिया की सफलता यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास ईमानदार हों, तो साधारण पृष्ठभूमि से आने वाला युवा भी असाधारण उपलब्धि हासिल कर



सकता है। उन्होंने कहा कि सुप्रिया का अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं को सुप्रिया से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य पाने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर मुंगेली कलेक्टर कुन्दन कुमार भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिले के ग्राम टेढ़ाधौंरा की 23 वर्षीय सुप्रिया ठाकुर ने सीडीएस परीक्षा में ऑल इंडिया चौथी रैंक प्राप्त कर मुंगेली जिला सहित राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। अपनी प्रतिभा, अनुशासन और देशसेवा के अटूट संकल्प के बल पर वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुई हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं दी है।

### साधारण परिवेश से असाधारण उपलब्धि तक

ग्राम टेढ़ाधौंरा निवासी सुप्रिया सिंह श्रीनेत एक किसान परिवार से आती हैं। उनकी माता श्रीमती संतोषी सिंह श्रीनेत और पिता श्री वैदेही शरण सिंह, जो पेशे से किसान हैं, ने सदैव उन्हें शिक्षा और संस्कारों का मजबूत आधार दिया। परिवार के स्नेहिल और अनुशासित वातावरण में पली-बढ़ी सुप्रिया ने प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की। उन्होंने कक्षा 10वीं में 71 प्रतिशत और 12वीं में 58 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके बाद उन्होंने बी.टेक (इलेक्ट्रॉनिक एंड टेलीकम्युनिकेशन) में स्नातक की डिग्री हासिल की।

# कलेक्टर-एसपी की दो टूक, नशीली दवाओं का कारोबार युवा पीढ़ी के लिए घातक, जिले को नशामुक्त बनाने बनेगी विशेष रणनीति

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**बेमेतरा।** जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं और पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समन्वय के साथ ठोस रणनीति बनाकर नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि नशापान एक सामाजिक अभिशाप है, जो समाज के ताने-बाने को भीतर से कमजोर कर देता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है, जिससे पारिवारिक कलह, अपराध और सामाजिक अशांति जैसी समस्याएं जन्म लेती हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों और समाज के नागरिकों से इस कुरीति को समाप्त करने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि नशापान समाज में अनेक बुराइयों को बढ़ावा देता है। इससे पारिवारिक और सामाजिक जीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के अवैध कारोबार से जुड़े तस्करों और नेटवर्क के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा किसी भी स्थिति में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### नशे के हॉटस्पॉट की होगी पहचान

बैठक में निर्देश दिए गए कि जिले के उन क्षेत्रों की पहचान की जाए, जहां नशीले पदार्थों की बिक्री या खपत अधिक है। इन हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष निगरानी, छापामार कार्रवाई और सतत अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। शिक्षा विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### तस्करों पर सख्त कार्रवाई, पीड़ितों के उपचार की व्यवस्था

नशे के अवैध व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा उनके नेटवर्क को तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, नशे की लत के शिकार व्यक्तियों को मुख्यधारा में वापस लाने हेतु नशामुक्ति केंद्रों के माध्यम से उपचार और परामर्श की समुचित व्यवस्था की जाएगी। बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आबकारी विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक प्रयासों के साथ सामाजिक संगठनों की सहभागिता से नशामुक्ति अभियान को जनआंदोलन का रूप देने पर भी जोर दिया गया प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए यह अभियान सतत रूप से संचालित किया जाएगा और समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना हुए शामिल

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थाना खमरिया।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर थाना खमरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सहसपुर शिव कोकड़ी सहित विभिन्न देव मंदिरों में सामूहिक रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव लाभचंद बाफना कार्य₹ म में शामिल हुए और भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से अभिषेक कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम में लाभचंद बाफना के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। शिव मंदिरों में श्रद्धा और आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिवलिंग का विधिवत अभिषेक संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरा वातावरण "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस सामूहिक रुद्राभिषेक ने क्षेत्र में धार्मिक भावना के साथ सामाजिक एकता का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से अपने परिवार एवं समाज की सुख-शांति की प्रार्थना की।

# महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया, शिवालयों में गूंजे जयकारे



**थान खमरिया।** नगर में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के सभी मंदिरों एवं घरों में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। सुबह से ही शिवालयों में "हर हर महादेव" के जयकारे गूंजने लगे।

श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, दही, शहद, गंगाजल एवं पूजन सामग्री से भगवान शिव का विधिवत अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। कोई जलाभिषेक करता नजर आया तो कोई पूजा-अर्चना व आरती में लीन रहा।

धार्मिक मान्यता के अनुसार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसी उपलक्ष्य में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर नगर में विशेष धार्मिक कार्य₹ मों का आयोजन किया गया।

दुर्गा कुटी मंदिर परिसर में भी विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं आरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मेले का आनंद उठाया। मेले एवं कार्य₹ मों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात रहा जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरा नगर शिवमय वातावरण में रंगा नजर आया और भक्तों ने भक्ति एवं आस्था के साथ पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया।

# दीनदयाल उपाध्याय की मंशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुँचाने की थी - शिवरतन शर्मा

**भाटापारा।** स्थानीय स्वर्गीय गोविंद सारंग स्मृति भाजपा कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। उक्त अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को एक महान नेता बताते हुए कहा कि जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता श्रद्धेय



पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उनका चिंतन और सिद्धांत समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करता है। उनके कार्य, विचार एवं आदर्श हमें राष्ट्रहित में समर्पित होकर निरंतर जनसेवा और संगठन सुदृढ़ीकरण की ओर अग्रसर करता हैं।

# बंगाल का भविष्य: धर्म की लहर या प्रगति की राह?




पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, पर राजनीतिक रणभेरी बज चुकी है। इस बार संकेत साफ हैं-चुनाव विकास बनाम विकास के दावे पर नहीं, बल्कि पहचान, अस्मिता और धर्म की ध्वजा के इर्द-गिर्द घूम सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य भर में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलनों को भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक उत्सव भर नहीं, बल्कि चुनावी अवसर में बदलने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है।

दूसरी ओर ममता बनर्जी ने भी यह समझ लिया है कि यदि चुनाव की जमीन धार्मिक विमर्श पर खिसकती है तो उसे खाली नहीं छोड़ा जा सकता। कोलकाता के न्यू टाउन में 'दुर्गा आंगन' का शिलान्यास और उसे बंगाली अस्मिता से जोड़ने का प्रयास इसी रणनीतिक सजगता का हिस्सा है।

बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। आज स्थिति यह है कि वाम और कांग्रेस हाशिए पर हैं और मुकाबला दो ध्रूवों के बीच सिमट चुका है। यही द्विध्रूवीयता चुनाव को अधिक तीखा और अधिक पहचान-केन्द्रित बना रही है। भाजपा का अभियान चार प्रमुख सूत्रों पर टिका है-बंगाल में हिंदू खतरे में है, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार। सीमावर्ती जिलों का उदाहरण देकर यह संदेश गढ़ा जा रहा है कि जनसांख्यिकीय संतुलन बदल रहा है। अवैध घुसपैठ का प्रश्न नया नहीं है, पर उसे इस समय राजनीतिक ऊर्जा के साथ जोड़ा जा रहा है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना, शिक्षक भर्ती घोटाले, हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार एवं भ्रष्टाचार जैसे प्रसंगों को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है-70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं में एक साझा असुरक्षा-बोध निर्मित करना, हिन्दुओं को जागृत करना और उसे मतदान व्यवहार में रूपांतरित करना। आज बंगाल में विकास की सबसे बड़ी बाधा घुसपैठियों का बढ़ना है। घुसपैठियों पर विराम लगाना चाहिए न कि इस मुद्दे पर राजनीति हो।

ममता बनर्जी की चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें यह संदेश देना है कि वे अल्पसंख्यकों की संरक्षक हैं, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह विश्वास भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है। 2021 के चुनाव में जब भाजपा ने 'जय श्रीराम' के नारे को आक्रामक रूप से उछाला, तब ममता ने 'जय मां दुर्गा' और 'चंडी पाठ' के माध्यम से एक सांस्कृतिक प्रत्युत्तर दिया था। इस बार वे दुर्गा आंगन जैसे प्रतीकों के जरिए यह संकेत दे रही हैं कि बंगाली हिंदू पहचान भाजपा की बपौती नहीं है। वे धर्म को राष्ट्रवाद की बजाय क्षेत्रीय अस्मिता के साथ जोड़ती हैं-÷बंगाल अपनी संस्कृति से हिंदू है, पर उसकी राजनीति बहुलतावादी है -यह उनका अंतर्निहित संदेश है। इसी बीच मुर्शिदाबाद में पूर्व तृणमूल नेता हुमायूं कबीर द्वारा 'बाबरी मस्जिद' के शिलान्यास की पहल ने नई जटिलता जोड़ दी है। इससे मुस्लिम मतदाताओं के भीतर एक अलग ध्रूवीकरण की संभावना पैदा हुई है। यदि मुस्लिम वोटों का बंटवारा होता है, तो तृणमूल का गणित प्रभावित हो सकती है। 2021 में उसे लगभग 48 प्रतिशत वोट और 223 सीटें मिली थीं-जिसमें मुस्लिम मतों का एकमुश्त समर्थन निर्णायक था। भाजपा 38 प्रतिशत वोट के साथ 65 सीटें जीतकर मुख्य विपक्ष बनी। ऐसे में यदि मुस्लिम मत 5-10 प्रतिशत भी इधर-उधर खिसकते हैं, तो कई सीटों का परिणाम बदल सकता है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ सकती है।

यहां प्रश्न केवल गणित का नहीं, राजनीति के चरित्र का भी है। क्या बंगाल का चुनाव धार्मिक पहचान के उभार का प्रयोगशाला बनेगा? या यह प्रयोग अंततः विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे के प्रश्नों पर लौटेगा? विडंबना यह है कि जिस बंगाल को कभी देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता था-जहां से उद्योग, शिक्षा और सांस्कृतिक नवजागरण की रोशनी फैलती थी, वह आज अधूरे प्रोजेक्ट्स, धीमी औद्योगिक गति और रोजगार के पलायन से जूझ रहा है। कोलकाता की सड़कों पर अधूरी मेट्रो लाइनें और बंद कारखानों की चुप्पी विकास की उस कहानी को बयान करती हैं, जो राजनीतिक नारों के शोर में दब जाती है। 2011 में टाटा के नैनो प्रोजेक्ट का राज्य से बाहर जाना एक प्रतीकात्मक मोड़ था।




अतिथि संपादक - ललित गर्ग

## गिरौदपुरी धाम

# सत्य का साक्षात्कार कर आए गुरू घासीदास

**डा.आर. के.सुखदेव**




गुरु घासीदास का गिरौदपुरी के जंगल में तपस्यारत होना एक ऐसी घटना है जो मिथक को तोड़ती है। गौतम बुद्ध ज्ञान की खोज में निकले जो राजकुमार थे। महावीर ने सब कुछ त्याग कर आत्मज्ञान के लिए निकले जो राज परिवार के वारिस थे। बुद्ध और महावीर सत्य की खोज में निकले जिन्होंने अपने ऐश्वर्यशाली जीवन की अनुभूति को विस्मृत कर दिया था। इसके ठीक विपरीत घासीदास एक मजदूरी करने वाले परिवार के थे। घासीदास समाज में व्याप्त कुरतियों के साथ ऊंच नीच की भावना से व्यथित थे जिन्हें समतामूलक समाज स्थापना के लिए धर्म सत्य से साक्षात्कार करने के लिए तटस्थ भाव से साधना में लीन होना ही था और यही लक्ष्य घासीदास जी का था।

वहीं दूसरी ओर शोषित पीड़ित जन प्रतीक्षा रत था। जिन्हें विश्वास था कि उनका उद्धार करने वाला मसीहा आएगा। पंथी गीतों में जन-मानस की ऐसी ही व्याकुलता मुखरित होती दिखाई पड़तीं है। गिरौदपुरी के अरण्य में घासीदास छह माह तक एकांत में तपस्या करते रहे।घासीदास अहर्निस साधना में रहे।चीशोल्म (1868) ग्राण्ट (1870) तथा बोस (1890) ने घासीदास साधना अवधि को छह माह कहा है। घासीदास गिरौदपुरी के घनघोर जंगल में तपस्यारत थे। पंथी गीतों में भी उल्लेख आता है कि विकट जंगल में घासीदास धुनी रमा कर तपस्या कर रहें हैं,

"विकट बन मा हो, विकट बन मा। बाबा धुनी ला
रमाए रइस संगी,
सत ला ओहा खोजे खाती,
जोग करिस भारी गा।
कुटुम परिवार छोड़िस,
छोड़िस संग के नारी गा।"

गिरौदपुरी के छाता पहाड़ में उन्होंने ध्यान लगाया था। जहां औरा, धौरा के वृक्ष लगें है। गीत में यही दर्शाया गया है।

"छाता पहाड़ में गुरु ध्यान लगाये हो। सत्पुरुष दरसन पाए हो।...
थोरकुन दुरिहा म छाता पहाड़ हे, औरा धौरा के उहा बहुत खार हे।"

जंगल में तपस्या रत घासीदास को अनेक कठिन परीक्षा से होकर गुजरना पड़ा था। बियाबान जंगल जहां कोई ठौर नहीं था। वहीं हिंसक वन्यजीव विचरण कर रहें हैं तो वहीं घासीदास अपनी धुनी रमाए बैठे हैं, तपस्यारत..

गिरौदपुरी के वन में जहां 'औरा-धौरा' के वृक्ष है उसके तले घासीदास तपस्यारत थे वहीं उन्हें आत्मज्ञान की अनुभूति हुई। सत्य से साक्षात्कार हुआ और वे निर्विकार भाव से उठ खड़े हुए। पंथी गीत में इसका चित्रण करते हुए कहा गया है।

"एक पेड़ अंवरा दुसर पेड़ धंवरा साहब,
सत के नाम सतलोक ल लाए साहब।"

चीशोल्म (1868) के अनुसार "उक्त अरण्य विजन प्रदेश था। एकांत चिंतन का आश्रय स्थल, मानव -समुदाय के व्यस्ततम मिलन से दूर अलग-थलग । उच्च सामाजिक प्रतिष्ठा वाले लोगों की अनवरत कटाक्षों और उपहासों से बहुत दूर। वहाँ की परिस्थितियाँ इस विलक्षण मंत्रद्रष्टा के अनुकूल थीं। यहीं उन्हें संबोधि प्राप्त हुई थी।"

घासीदास साधना करते रहे। उनका मन राग द्वेष रहित होने लगा, सहज आत्मानुभूति होने लगी। ऐसी स्थिति जिसे भगवत गीता में कहा गया है, "अपने अधीन किए हुए अंतःकरण वाला साधक अपने वश में की हुई राग द्वेष से रहित इंद्रियों द्वारा विषयों में विचरण करता हुआ अंतःकरण की प्रसन्नता को प्राप्त होता है। यथा "रागद्वेषवियुक्तै स्तु विषयानिन्द्रियैश्चरन्। आत्मवश्यैर्विधेयात्मा प्रसादमधिगच्छति।।" (गीताः 2-64) "घासीदास का अरण्य में एकांतवास उस परिस्थिति में हुआ, जब छत्तीसगढ़ी समाज असंख्य विषमताओं से जूझ रहा था। उसमें विभेदीकरण के तत्त्वों का विकास हो गया था। छत्तीसगढ़ का बौद्धिक वातावरण पूर्ववर्ती कबीर-तत्त्व से ही विशिष्टतामय नहीं था,अपितु इस्लाम और ईसाइयत से भी जूझ रहा था। नव नागरवादी भोंसला और ब्रिटिश संस्कृति के प्रभाव से यहाँ का तत्त्व चिंतक प्रकृति से पूरी तरह कट-सा गया था। नूतन उत्पादक तकनीकों की आवश्यकताओं से जन्मा सामाजिक ज्ञान भी व्यक्ति परक नास्तिक वादियों के मन चिंता के भाव पैदा कर रहा था। आंतरिक संकट और व्यग्रता की इस स्थिति में लोग वनों का आश्रय ले रहे थे, जिससे वे अपनी शक्ति का परीक्षण कर सकें और अपने वातावरण के साथ पहचान के भाव को पुनः लौटा सकें। छत्तीसगढ़ की इस आध्यात्मिक संकट की बेला में मनीषी घासीदास ने अरण्य में एकांतवास करना श्रेयस्कर माना, जिससे वे अपनी चेतना को झकझोर सकें और प्रकृति के माध्यम से सत् या परम तत्त्व से तदाकार हो जाएँ।"

(डॉ. हीरालाल शुक्ल, गुरु घासीदास संघर्ष, समन्वय और सिद्धांत, पृष्ठ 90-91)

गुरू घासीदास के अरण्यवास अवधि में उनके अपने अनुभव क्या क्या रहे। उनके मनोभावों को पंथीगीतों में ठीक उसी प्रकार उतारा गया जैसे वैदिक मुनियों योगियों की उनकी अपनी अनुभूतियों को उपनिषदों व आरण्यकों में उपनिबद्ध किया गया है। गुरू घासीदास के अरण्य वास का दिग्दर्शन पंथी गीतों से जाना जा सकता है।

छह माह बाद छाता पहाड़ से सत्य का साक्षात्कार कर आए । अपार जनसमूह के सामने आ खड़े हुए थे गुरु घासीदास..! काफी देर तक जयघोष करते हुए सहसा लोगों के बीच एक गहरा सन्नाटा खिंच गया। जो अपने गुरु से कुछ सुनना चाहते थे। और तब जन समुदाय को संबोधित करते हुए गुरु घासीदास ने कहा , "जो हुआ है वह सत्य है, जो नहीं हुआ है वह असत्य है और जो होने वाला है, वह न तो सत्य है और न ही असत्य है, जो नित्य है वह लौकिक सत्य है, जो काल्पनिक है वह अलौकिक है, जो अनित्य है वह परलौकिक है असत्य है। इस लोक से परे कोई लोक नहीं है, जहाँ से इस लोक का नियंत्रण हो। इस लोक का नियंता, परलोक वासी नहीं हो सकता अतः सतनाम ही जीवन का सार है।"(टी. आर. खुन्टे, सतनाम दर्शन, समाज कल्याण एवं गुरु घासीदास चेतना संस्थान, पृष्ठ 221)

सत्य को उद्घाटित करते हुए गुरु घासीदास ने सात दिव्य संदेश दिये। अपार जनसमूह के बीच गुरु घासीदास खड़े थे। जिन्हें देखने और सुनने के लिए आतुर थे। छत्तीसगढ़ी में ही गुरु घासीदास ने जन को संबोधित किया उन्हें दिव्य संदेश दिया।

1 नसा वाले जीनिस ले दूरीहा रहव
2 मांस अऊ मांस जईसे जिनीस ले दूरीहा रहव
3 सबो समाजिक एकता के पालन करव
4 मूर्ति के पूजा करना बंद करव
5 गाय ल नांगर फांदना बंद करव, अऊ मँझनिया के बाद नांगर झन जोतव
6 पर नारी ल दाई माँनव
7 सतनाम के ध्यान धरव

गुरु घासीदास जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। वह अविस्मरणीय समय कैसा रहा होगा! उन क्षण का हाल लिखते हुए कहा गया...! "आखिरकार लंबे समय से प्रतीक्षित दिन आ गया और उसके अब तक निराश समुदाय की आशाएँ पूरी हो गईं। सुबह की शांति में, उनके स्वयंभू पैगंबर को गिरौदपुरी के ऊपर चट्टानी पहाड़ से उतरते देखा गया, और जैसे ही वह निकट पहुँचा, एकत्रित भीड़ ने उसका स्वागत किया। यह घासीदास के लिए गर्व का क्षण रहा होगा, जिसने जल्द ही उत्सुक भीड़ को संबोधित करना शुरू कर दिया। उसने उन्हें बताया कि कैसे वह छह महीने तक जंगल में चमत्कारिक रूप से जीवित रहा, कैसे उसने एक उच्च शक्ति के साथ संवाद स्थापित किया और कैसे उसे अपने समुदाय के सदस्य को एक विशेष संदेश देने की शक्ति मिली।" ( चीशोल्म,1868 पैरा 101) इसी प्रकार गुरु घासीदास जब अपने अढ़ाई लाख अनुयायियों को ईश्वर का आदेश सुना रहे थे तो उसी के साथ-साथ ऐसे समाज की भी रचना हो रही थी जो उन बातों को समझ रहा था और विश्वास कर रहा था।

गुरु घासीदास के संदेश के साथ छत्तीसगढ़ का जनमानस जो शोषण, अत्याचार, उत्पीड़न के चक्र व्यूह में फंसा अपने आप को असहास महसूस कर रहा था ऐसी दासता की बेड़ियां टूट गई जो सदियों से उन्हें जकड़े व्यथित कर रही थीं। भेदभाव, छुआछूत, ऊंच-नीच से हटकर सामाजिक समरसता के भाव से छत्तीसगढ़ के लोगों में आशा की एक ज्योति प्रज्वलित हुई। गुरु घासीदास के सत्य, अहिंसा और मानवता के मूल मंत्र ने समूचे समाज को प्रभावित किया और लोग स्वतः सतनाम से जुड़ने लगे। गुरु घासीदास के दर्शन, चिंतन और सिद्धांतों में मानवता को सर्वोपरि स्थान मिला जिससे छत्तीसगढ़ में एक ऐसी जनजागृति हुई जिसमें सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए।

# कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

## पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण के दिए सख्त निर्देश, जनहित के मामलों में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**बेमेतरा।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। इस दौरान सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे 7 बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि लंबित प्रकरणों के निराकरण में निर्धारित समयावधि का कड़ाई से पालन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की खानापूर्ति न की जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों का निपटारा केवल औपचारिकता न हो, बल्कि प्रत्येक आवेदन का पारदर्शी, तथ्यात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकृत करें।

### लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा

बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित आवेदनों, शिकायतों एवं पत्राचार की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने उन फाइलों और आवेदनों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए जो लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनहित के कार्यों में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उत्तरदायित्व तय करने के निर्देश भी दिए गए।

### जनसुनवाई आवेदनों पर विशेष फोकस

कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए पूछा कि आम नागरिकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का फीडबैक आवेदक तक पहुंचे तथा समाधान की जानकारी स्पष्ट रूप से दर्ज की जाए। जन शिकायतों के निराकरण में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

### शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने विशेष रूप से निम्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जिसमे आयुष्मान कार्ड निर्माण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन वितरण), जल जीवन मिशन, अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा जिले में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए।

### विकास कार्यों की प्रगति पर जोर

जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए तथा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता तीनों का संतुलन आवश्यक है।

### पूर्व बैठक के निर्देशों की पुनरावृत्ति

बैठक के दौरान पूर्व में आयोजित समय-सीमा बैठकों में दिए गए निर्देशों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि पहले दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत की जाए तथा अधूरे बिंदुओं पर तत्काल कार्यवाही की जाए। उन्होंने दोहराया कि प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का समाधान है और इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश दिया कि जिला प्रशासन जनहित के मामलों में पूर्णतः प्रतिबद्ध है। पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्ध निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शराब नही पिलाने पर मित्र ने टंगिया से गर्दन उड़ा दी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** दोस्त को शराब न पिलाने पर नाराज दोस्त ने ही लोहे की टंगिया से अपने मित्र की गला पर हमला कर उसे मौत की नींद सुला दिया। शहर के दिनदयाल उपाध्याय वार्ड के मेहता नगर में एक दिन पूर्व हुए हत्या का खुलासा करने में पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली है। उपरोक्त सबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मेहता नगर में वहां के निवासियों ने एक युवक की लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी थी जिसके बाद पुलिस महकमें में तैनात लोगो ने उक्त लाश की शिनाख्त वार्ड वासियों से कराते हुए पहला खुलासा यह किया था कि युवक पेंड्री भटज़ेरा सानु गायकवाड का शव है। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्ट मॉटर्म करा विभिन्न बिंदुओ पर जांच शुरू की जिसमें यह ज्ञात हुआ कि सोनु गायकवाड छः माह पहले ही पेंड्री भटज़ेरा से रोजी रोजगार कमाने भाटापारा शहर आकर मेहता नगर में ही निवासरत था इस दौरान उसकी दोस्ती इसी वार्ड के 20 वर्षिय युवक लक्की भारद्वाज से हुई। इस बीच 9 फरवरी को दोनो के बीच शराब पीने पिलाने की बात को लेकर कहा सुनी हुई और बात बात में विवाद ने लड़ाई झगड़े का रूप ले लिया इस बीच लक्की भारद्वाज ने लोहे से बनी टंगिया लाकर अपने दोस्त के गर्दन पर प्राण घातक हमला कर दिया जिसके चलते सोनु गायकवाड हमेशा के लिए वहीं पर मौत के आगोष में समा गया। सुबह शव पड़े होने की सूचना वार्ड वासियों ने पुलिस को दी जिसपर पुलिस ने जांच करते हुए सूत्रों से सुत्र जोड़ते हुए। सोनु गायकवाड के दोस्त लक्की भारद्वाज को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ क ी जिसमें लक्की भारद्वाज टुट गया व हकीकत बयान करते हुए बताया कि उसने शराब पीने पिलाने के विवाद के बीच टंगिया से सोनु गायकवाड के गर्दन पर प्रहार किया था। इसके बाद वह टंगिया को नजदीक के टेऊराम कॉलोनी के किसी पेड़ के पीछे फेक दिया था व खुद फरार हो गया था जिसे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद ढुंढ निकाला इस बीच लक्की भारद्वाज ने पुलिस को बताया कि उसने धारदार वजनी हथियार से उक्त घटना को अंजाम दिया है। जिसपर पुलिस ने लक्की भारद्वाज के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लक्की भारद्वाज निवासी मेहता नगर दिनदयाल उपाध्याय वार्ड को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**पुलिस उप महानिरीक्षक (DIG) रामकृष्ण साहू (IPS) के निर्देशन पर**
**बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही**

# 30 पौवा देशी मसाला शराब जप्त

## जिला बेमेतरा, थाना नांदघाट पुलिस टीम की कार्यवाही

**बेमेतरा।** पुलिस उप महानिरीक्षक (DIG) श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार यादव, एसडीओपी बेमेतरा श्री भूषण एक्का, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी क्रम में 15 फरवरी 2026 को थाना नांदघाट पुलिस टीम को जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम नांदघाट के राजू चौहान अपने घर के पास अवैध लाभ कमाने अवैध शराब बिक्री करने रखा हैं कि सूचना पर थाना नांदघाट पुलिस टीम सूचना के अधार पर मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही कर आरोपी राजू चौहान को अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे शराब के साथ पकड़ा गया। जिसमें थाना नांदघाट




में 01 प्रकरण में 01 आरोपी राजू चौहान पिता लच्छी चौहान उम्र 35 वर्ष, निवासी नांदघाट जिला बेमेतरा के कब्जे से 30 पौवा देशी मसाला शराब (5,400ml) किमती 3,000/- रूपये को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही की गई हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नांदघाट निरीक्षक लेखराम ठाकुर, प्रधान आरक्षक नैनदास रात्रे, आरक्षक प्रताप सिंह यादव, आकाश सिंह राजपूत, अजय गोयल एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# भारी वाहनों के आवागमन, लोडिंग-अनलोडिंग समय निर्धारण एवं सीसीटीवी स्थापना पर विस्तृत चर्चा



**बेमेतरा।** पुलिस उप महानिरीक्षक (DIG) श्री रामकृष्ण साहू (IPS) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार यादव, डीएसपी श्री राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार, एसडीओपी बेमेतरा श्री भुषण एक्का, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं डीएसपी श्रीमती शशिकला उईके के मार्गदर्शन में शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त एवं सुचारु बनाए रखने हेतु पुलिस कार्यालय बेमेतरा के सभाकक्ष में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक श्री प्रवीण खलखो द्वारा चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं पेट्रोल पंप संचालकों/उनके प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई

बैठक में रायपुर एवं कबीरधाम जिले की ओर से आने वाले भारी वाहनों के शहर के भीतर प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने तथा उन्हें चोरभट्ठी-बैजी बाईपास मार्ग से संचालित किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही शहर के भीतर भारी वाहनों के लोडिंग-अनलोडिंग हेतु समय-निर्धारण के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया, जिससे आम नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

यातायात नियमों के पालन के संबंध में जानकारी देते हुए पेट्रोल पंप संचालकों से आग्रह किया गया कि वे दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर आने पर ही पेट्रोल प्रदान करें तथा बिना हेलमेट आने वाले चालकों को हेलमेट उपयोग के लिए प्रेरित करें। इसके अतिरिक्त चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं पेट्रोल पंप संचालकों/प्रतिनिधियों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करने तथा बाहरी मार्गों एवं आने-जाने वाले क्षेत्रों को कवर करने हेतु पर्याप्त कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। बेमेतरा यातायात पुलिस द्वारा नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने एवं शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। बैठक में चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं पेट्रोल पंप संचालकों/उनके प्रतिनिधियों श्री उत्तम चौहान (अम्बा फ्युल्स बेमेतरा), श्री बालचंद मादेका (हिमांशु पेट्रोलियम बीजाभाठ), श्री रवि पाटकर (अम्बा फ्युल्स बेमेतर), श्री धन्नू सप्रे (काकाजी फ्यूल्स बेमेतरा), श्री अमित गोस्वामी (मारूती सुजकी नेक्सा शोरूम बेमेतरा), श्री खिलेश साहू, श्री रेवेन्द्र कुमार साहू, श्री भुपेन्द्र राजपूत (मारूती शो रूम चौहान आटो मोबाईल), श्री नितिन कुमार साहू (ईरा हाईवे पेट्रोलियम), श्री हेमलाल साहू (अम्बिका फ्यूल्स बेमेतरा), ताज गारमेन्टस, महावीर कलेक्शन, श्री केशव मोटवानी, श्री रविपाल सिंह अरोरा, श्री चंदन सोनी, श्री राम देवांगन (न्यु श्रीराम ज्वेलर्स), श्री अजय ठाकुर (शिव शक्ति ट्रेडर्स), सुरेश कुमार सोनी (जय श्री ज्वेलर्स) एवं प्रधान आरक्षक दौलत राम वर्मा, आरक्षक राजेश सिंह राजपूत, पारसमणी साहू सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

**पुलिस उप महानिरीक्षक (DIG) श्री रामकृष्ण साहू (IPS) के निर्देशन में शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित।**

## जिला पंचायत सीईओ ने ली समीक्षा बैठक, एक सप्ताह में प्रगति बढ़ाने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

### प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति तेज करने के निर्देश



**बेमेतरा।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) के प्रभावी क्रियान्वयन और लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्रीमती प्रेमलता पद्माकर ने समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में योजना की वर्तमान स्थिति, ग्राम पंचायतवार प्रगति तथा अपूर्ण आवासों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीईओ ने आवास नोडल, रोजगार सहायकों एवं आवास मित्रों से ग्राम पंचायतवार जानकारी ली। विशेष रूप से अप्रारंभ (शुरू न किए गए) आवास तथा प्रगतिरत (निर्माणाधीन) आवासों की स्थिति पर चर्चा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों के आवास अभी तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ कराने हेतु प्रेरित किया जाए।

सीईओ ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे आगामी एक सप्ताह के भीतर प्रगति में स्पष्ट सुधार सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की प्राथमिकता वाली योजना है और पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि 30 मार्च से पूर्व प्रारंभ किए गए प्रत्येक आवास के 90 दिवस एमआर (मस्टर रोल) कार्य को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। प्रत्येक रोजगार सहायक को अपने क्षेत्र के लंबित एमआर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद स्तरीय कर्मचारी, आवास मित्र एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे। सभी ने योजना के सफल क्रियान्वयन और निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में सीईओ ने कहा कि जिले में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी अधिकारी एवं मैदानी अमला समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा सके।

# शिव महापुराण कथा में शिव महिमा का भावपूर्ण वर्णन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थान खमहरिया।** राम जानकी सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा अमृत महोत्सव में कथा वाचन करते हुए अनन्त श्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य, श्यामपुर कांपा (बेमेतरा) से पधारे वेद विभूषण भागवत अलंकार भारत गौरव राष्ट्रीय वक्ता पं. मोहन नारायण शास्त्री जी ने शिव महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया।

शास्त्री जी ने कथा प्रसंग में बताया कि ब्रह्मा जी ने देवताओं की सर्वसम्मति से राजा दक्ष को प्रजापति नियुक्त किया। पद ग्रहण करने के पश्चात दक्ष प्रजापति ने 'बृहस्पतिसव यज्ञ' नामक भव्य विराट यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें देवताओं, यक्ष, किन्नर, नाग, गंधर्व, अप्सराओं सहित समस्त राजाओं और मानव समाज को आमंत्रित किया गया। किंतु अपनी 27 कन्याओं में से माता सती को यज्ञ में आमंत्रण नहीं दिया गया।

नारद मुनि से यज्ञ का समाचार प्राप्त होने पर सती ने अपने पति भगवान शिव से पिता के घर जाने की अनुमति मांगी। शिवजी ने मतभेद की स्थिति में बिना निमंत्रण जाने को अनुचित बताया, किंतु उनके मना करने के बावजूद सती यज्ञ स्थल पहुंच गईं। वहां उन्हें न तो सम्मान मिला और न ही यज्ञ में भगवान शिव का कोई स्थान निर्धारित किया गया। इस अपमान से आहत होकर सती ने योगाग्नि द्वारा अपने शरीर का त्याग कर दिया, जिससे यज्ञ विध्वंस हो गया और वह सफल नहीं हो सका।

शास्त्री जी ने कहा कि जिस यज्ञ में देवताओं का अंश न हो तथा योग्य विप्रों का स्थान न हो, वह यज्ञ फलदायी नहीं होता।

उन्होंने यह भी बताया कि जीवित अवस्था में भी मनुष्य में 14 प्रकार की मृत्यु तुल्य अवस्थाएं होती हैं, जैसे— कामवश, कंजूसता, अज्ञान, रोगग्रस्त जीवन, सतत क्रोध, निंदक प्रवृत्ति, परमात्मा से विमुखता आदि। जिन व्यक्तियों में ये लक्षण पाए जाते हैं, उनका जीवन भी मृत्यु के समान हो जाता है।

कार्यक्रम में ओम प्रकाश जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिता चंदन अग्रवाल, तुलसी सिन्हा, डॉ. आर.पी. शर्मा, अनिल सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, महेंद्र सिंह विरदी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, रोशन सिंहा, मनहरण सिंहा, शिव बिंदल, सरिता जैन, गौरव बिंदल, लोकनाथ सिंहा, सुरेंद्र सिंघानिया, हरिहर तिवारी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कथा के दौरान पं. मोहन नारायण शास्त्री जी के सारगर्भित धर्मोपदेश से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और संपूर्ण वातावरण शिवमय हो गया।

# 7 किलों गांजा के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार, स्कूटी व मोबाइल जप्त

**ब्यूरो चीफ रतन कुमार**






**दुर्ग।** पुलिस के थाना खुर्सीपार द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 03 आरोपियों को 07 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई 18 फरवरी 2026 को आईटीआई ग्राउंड, खुर्सीपार के पास की गई।

पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्ति अवैध रूप से गांजा रखकर ग्राहक की तलाश में खड़े हैं। सूचना पर एसीसीयू एवं थाना खुर्सीपार की संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदेहियों को पकड़ लिया। विधिवत तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 07 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा, एक स्कूटी तथा 02 मोबाइल फोन बरामद किए गए। जप्त सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य 3,75,000/- बताया गया है।

पूछताछ के दौरान एक महिला की संलिप्तता सामने आई, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने अवैध गांजा बिक्री में शामिल होना स्वीकार किया। मामले में थाना खुर्सीपार में अपराध क्रमांक 59/2026 धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

**आरोपी–**

अमन सेंडे (26 वर्ष), निवासी बुद्ध विहार कैंप-01, थाना छावनी

प्रशांत कुमार उर्फ शांतु राजपूत (30 वर्ष), निवासी बुद्ध विहार कैंप-01, थाना छावनी

एन. पूजा (28 वर्ष), निवासी 18 नंबर रोड, कैंप-01, थाना वैशाली नगर

जप्त सामग्री–

07 किलोग्राम गांजा

एक स्कूटी

02 मोबाइल फोन

(कुल अनुमानित मूल्य ?3,75,000/-)

सराहनीय कार्य–

उक्त कार्रवाई में थाना खुर्सीपार प्रभारी सहित एसीसीयू टीम एवं थाना स्टाफ की सक्रिय और समन्वित भूमिका रही।

**दुर्ग पुलिस की अपील–**

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध मादक पदार्थों की खरीदी-बिक्री जैसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# KVK कर्मचारियों के आंदोलन ने अहम मोड़ लिया




**रायपुर।** कुलपति के अस्पष्ट एवं टालमटोल भरे रुख से वार्ता बेनतीजा रही, जिस पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक ने तीखा विरोध दर्ज कराया। छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र (KVK) के अधिकारी-कर्मचारियों की वेतन विसंगति, सेवा-लाभ बहाली एवं 18 माह से लंबित देयकों को लेकर चल रहे पाँच दिवसीय कामबंद हड़ताल सह धरना-प्रदर्शन के चौथे दिवस के आंदोलन ने आज निर्णायक मोड़ ले लिया।

## धरना स्थल पर पहुँचे फेडरेशन संयोजक, समस्याएँ सुनीं

आज छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक श्री कमल वर्मा जी ने धरना स्थल पर पहुँचकर संघ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रत्यक्ष भेंट की तथा KVK कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को गंभीरता से सुना। समस्याओं से अवगत होने के पश्चात श्री कमल वर्मा जी के नेतृत्व में संघ का एक प्रतिनिधिमंडल माननीय कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से भेंट-वार्ता हेतु स्वयं विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष गया, ताकि विगत 18 माह से लंबित समस्याओं का स्थायी समाधान निकाला जा सके।

"चर्चा में कुलपति महोदय द्वारा समाधान के स्थान पर प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं का ही उल्लेख किया गया।" प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई चर्चा के दौरान माननीय कुलपति जी द्वारा KVK की लंबित एवं गंभीर समस्याओं के निराकरण के संबंध में जिम्मेदारी से बचने वाला रुख अपनाया गया एवं एक पक्षीय वार्ता की गई, कभी विषय को माननीय राज्यपाल महोदय, छत्तीसगढ़ से जोड़कर बात टाली गई, तो कभी वित्त विभाग एवं राज्य शासन का हवाला देकर चर्चा को उलझाया गया।

इस पर श्री कमल वर्मा जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि–

"यदि वास्तव में समस्या का समाधान राज्यपाल महोदय के स्तर से होना है, तो विश्वविद्यालय प्रशासन को चाहिए कि वह वर्तमान हड़ताल एवं कर्मचारियों की वास्तविक स्थिति को गंभीरता से राज्यपाल महोदय के संज्ञान में लाकर स्थायी समाधान सुनिश्चित करे।" इसके बावजूद माननीय कुलपति जी द्वारा केवल यह कहा गया कि "मामले में पत्राचार चल रहा है, शासन एवं वित्त विभाग से बात हो रही है"– किंतु किसी भी प्रकार का ठोस, समयबद्ध एवं स्थायी समाधान सामने नहीं आया।

## स्थायी समाधान नहीं तो राजभवन (लोकभवन) के समक्ष धरना

चर्चा के निष्कर्षहीन रहने पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक श्री कमल वर्मा ने दो-टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि–

"जब विश्वविद्यालय प्रशासन 18 माह में भी कोई निर्णय नहीं ले सका और यदि समाधान राज्यपाल महोदय से ही होना है, तो फेडरेशन एवं KVK कर्मचारी सीधे राज्यपाल महोदय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।"

संघ ने स्पष्ट किया कि KVK कर्मचारियों के वेतन, सेवा-लाभ एवं अधिकारों की पूर्ण जिम्मेदारी मेजबान संस्था अर्थात इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की है, किंतु विश्वविद्यालय द्वारा अब तक कोई भी सार्थक, प्रभावी एवं जिम्मेदारीपूर्ण प्रयास नहीं किया गया, जिसके कारण आज यह गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई है। संघ और फेडरेशन द्वारा समूहिक प्रतिकृया दी कि, यदि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और अधिक व्यापक होगा एवं पाँच दिवसीय हड़ताल को अनिश्चित कालीन हड़ताल मे तब्दील कर दिया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण नैतिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

**संघ ने दो टूक शब्दों में कहा–**

यह आंदोलन शांतिपूर्ण है, लेकिन कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सम्मान और अधिकारों के साथ हो रहे इस प्रकार के अमानवीय व्यवहार को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# सीसीएम मेडिकल कॉलेज रोड, कुरूद में म्यूल खातों से अवैध लेनदेन करने वाले 4 अंतरराज्यीय आरोपी गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए म्यूल खातों के माध्यम से अवैध धन अर्जित करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दिनांक 19 फरवरी 2026 को थाना जामुल क्षेत्र अंतर्गत सीसीएम मेडिकल कॉलेज रोड, कुरूद स्थित गुप्ता पीजी के पास की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्ति अन्य लोगों के बैंक खातों का दुरुपयोग कर साइबर अपराधियों को सहयोग प्रदान कर रहे हैं और अवैध लेनदेन कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई और चार संदेहियों को हिरासत में लिया गया।






तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 13 बैंक पासबुक, 07 चेकबुक, 18 एटीएम कार्ड, 04 मोबाइल फोन, 12 सिम कार्ड एवं ?5,700 नगद बरामद किए गए। जब्त खातों की जांच समन्वय पोर्टल पर करने पर केरल, कर्नाटक, बिहार एवं गुजरात राज्यों में साइबर धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतें दर्ज पाई गईं।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 108/2026 के तहत धारा 318(4), 317(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया और उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है। मामले की विवेचना जारी है।

**आरोपीगण–**

मोहम्मद अब्दुला राईन उर्फ अमन (24 वर्ष), अहमद नगर कैंप-02, छावनी।

हिमांशु पटेल (31 वर्ष), सेक्टर-01, भिलाई भट्टी।

पुट्टा राकेश बाबू (27 वर्ष), भीमावरम, वेस्ट गोदावरी, आंध्र प्रदेश।

शुभम स्वाई (20 वर्ष), सुंदरगढ़, राउरकेला, उड़ीसा।

**सराहनीय भूमिका–**

उक्त कार्रवाई में थाना जामुल के थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक सौमित्री भोई, सहायक उप निरीक्षक महफूज खान, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र देशमुख, आरक्षक तोषण चन्द्राकर, चंदन सिंह, संतोष, रूपनारायण एवं अतुल यादव की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही।

**दुर्ग पुलिस की अपील–**

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड या सिम कार्ड उपयोग हेतु उपलब्ध न कराएं। साइबर अपराध से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या साइबर हेल्पलाइन को दें। म्यूल खाता उपलब्ध कराने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# देवरी हायर सेकण्डरी स्कूल में कैरियर गाईडेंस कार्यक्रम संपन्न




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर से 5 किलोमीटर दुर स्थित गांव देवरी के शासकीय उच्चतर माध्मिक विद्यालय में नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ट्रेड एग्रीकल्चर एवं आईटी में 9वी से 12 वी कक्षा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित ओमप्रकाश साहू जीएसटी इंस्पेक्टर द्वारा कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं को सफलता अर्जित करने के लिए निरंतर कठिन परिश्रम एवं आत्मविश्वास पर जोर देते हुए भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के बारीकियों का विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। साहू ने अपने विद्यार्थी जीवन के संघर्ष एवं परिश्रम के द्वारा कैसे अपने जीवन में कई असफलताओं एवं कठिनाइयां के बावजूद अडिग रहकर निरंतर परिश्रम कर सफलता अर्जित करने के प्रेरणादायी बातें बताई बच्चों ने उत्सुकतापूर्वक विभिन्न क्षेत्रों के प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में अपनी शंकाओं से संबंधित समाधान प्राप्त किए। उक्त मौके पर शाला के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया और छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना और बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन हेमलाल साहू के द्वारा किया गया। उपरोक्त अवसर पर शाला के अनूप कुमार खरे शुभा शर्मा, रेणु शर्मा, चंद्रकांत बागडे, राकेश वर्मा, गजेंद्र कुमार साहू , गिरजा शंकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व स्कूल स्टॉफ के लोग मौजुद थे।

# JJ Act एवं POCSO Act पर रेंज स्तरीय कार्यशाला, बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को मिला व्यवहारिक प्रशिक्षण

रतन कुमार, ब्यूरो चीफ

**दुर्ग।** पुलिस द्वारा दिनांक 19 फरवरी 2026 को UNICEF के सहयोग से सीए बिल्डिंग, सिविक सेंटर भिलाई में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों हेतु रेंज स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO Act) एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों पर व्यवहारिक एवं विधिसम्मत प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में एफआईआर पंजीयन, बाल पीड़ितों के बयान की प्रक्रिया, चाइल्ड फ्रेंडली पुलिसिंग, विधि विरुद्ध किशोरों के अधिकार, जे.जे. एक्ट के प्रपत्रों का उपयोग, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुतिकरण, चिकित्सीय परीक्षण, परामर्श और पुनर्वास प्रक्रिया पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। केस स्टडी के माध्यम से विवेचना के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।





कार्यक्रम में जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला कलेक्टर ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्रशासन व समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। संयुक्त प्रशिक्षण से विभागों के बीच समन्वय बढ़ेगा, जिससे किशोर न्याय संबंधी मामलों की विवेचना और अधिक प्रभावी होगी।

पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि बाल संरक्षण से जुड़े प्रत्येक प्रकरण में संवेदनशीलता, गोपनीयता और विधिक प्रावधानों का अक्षरशः पालन आवश्यक है। गुणवत्तापूर्ण विवेचना, समयबद्ध कार्रवाई एवं विभागीय समन्वय से ही पीड़ित बालकों को त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड, आरपीएफ, जीआरपी, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल संप्रेक्षण गृह, परिवीक्षा अधिकारी, बाल कल्याण अधिकारी (बालगृह), चाइल्ड हेल्पलाइन, केस वर्कर तथा स्कूल शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी विभागों ने बाल संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु समन्वित प्रयासों पर बल दिया।

**सराहनीय योगदान–**

कार्यशाला के सफल आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ममता देवांगन, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा, महिला थाना स्टाफ, पुलिस लाइन एवं प्रशिक्षण शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

**दुर्ग पुलिस की अपील–**

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि बालकों से संबंधित किसी भी प्रकार के अपराध, शोषण या उत्पीड़न की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। बाल सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा हेतु समाज एवं सभी विभागों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# मवेशियों के जमावड़े से रेलवे अंडर ब्रिज में यातायात हो रहा बाधित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर में अर्से पूर्व टेहका रेलवे फाटक के स्थान पर बनाये गये अंडर ब्रिज में इन दिनों अथाह गंदगी का साम्राज्य व्याप्त है और तो और अब वहां पर अंधेरा भी कायम हो गया है । एक लंबे समय से अंडर ब्रिज की सफाई नहीं होने से अंडर ब्रिज के भीतर आधा आधा फीट धुल की मोटी परत जम गई है वहीं दिवारो पर भी दोनो ओर गंदगी व गोबर के छीटे इस कदर फैले हुए है कि वहां से आवा जाही करने वाले तमाम नागरिकों को दमघोंटु माहौल मिलने लगा है खासकर श्वांस व दमा के मरीज के लिए उक्त अंडर ब्रिज घातक साबित हो रहा है । अंडर ब्रिज के अंदर 24 घंटे आवारा मवेशियों का जहां जमावड़ा हो रहा है। वहीं जैंस , जैंसा पालक भी अंडर ब्रिज के रास्ते पुरे शहर में जैस चराने निकल रहे है जिससे आये दिन अंडर ब्रिज में यातायात बाधित हो रहा है। नागरिको का कहना है कि जैंस जैंसा पालको व चरवाहों के लिए राम सागर पारा से सीधा सीधा सुरखी व सेंदरी गांव की ओर जैंस जैंसा ले जाने का विकल्प है उसक बावजुद अंडर ब्रिज में जैंस जैंसा ले जाने से संपूर्ण शहर का वातावरण व यातायात खराब हो रहा है । यही जैस जैंसा अंडर ब्रिज में ही गोबर कचरा कर गंदगी फैला रहे है जिसके रोकथाम के लिए पालिका प्रशासन को ध्यान देना चाहिए खासकर तमाम जैंस जैंसा पालको की व चरवाहों की बैठक बुलाकर ऐसी व्यवस्था करना चाहिए कि जैस जैंसा अंडर ब्रिज की ओर न आकर सीधे सीधे सड़क मार्ग से सुरखी व अन्य गांव की ओर स्थित भाठा व अन्य खुले स्थान पर जा सके ताकि अंडर ब्रिज केवल मानव उपयोग के लिए सुरक्षित व आसान यातायात का माध्यम बन सके। अन्य स्थानों की तुलना में उक्त अंडर ब्रिज कि चौड़ाई व ऊचाई कम है जिसमें दुपहिया वाहन के अलावा सायकल व पैदल चलने वाले आ जा सक रहे है इसके अलावा छोटे चौपहिया वाहन जो कि सब्जी मंडी की ओर से आवा जाही करते है वे भी अंडर ब्रिज के रास्ते आ जा रहे है लेकिन मुख्य समस्या अंडर ब्रिज में मवेशियों के प्रवेश के कारण अंडर ब्रिज में यातायात बाधित होना व गोबर कचरा के कारण लोगो का फिसलकर गिरना रोज की समस्या बन गई है । अत: जनहित में अंडर ब्रिज में कड़ाई से मवेशियों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने प्रशासन ध्यान देवे।

**अंडर ब्रिज के अंदर 24 घंटे आवारा मवेशियों का जहां जमावड़ा हो रहा है**

# त्रिदिवसीय शिव आराधना महोत्सव यज्ञ पूर्णाहुति एवं भण्डारा के साथ सम्पन्न



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** माण्डूक्य ऋषि की तपस्थली हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू में आयोजित त्रिदिवसीय शिव आराधना महोत्सव का समापन यज्ञ की पूर्णाहुति एवं भण्डारे के साथ सम्पन्न हुआ। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में तीनों दिवस श्रद्धालुओं की निरंतर उपस्थिति रही। आयोजन के तृतीय दिवस प्रात: से ही पूजा-अर्चना का क्रम प्रारंभ हुआ। निर्धारित समयानुसार दो आवृत्ति रूद्राभिषेक संपन्न कराया गया जिसमें आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया गया। रूद्राभिषेक के पश्चात हवन यज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की गई। वैदिक विधि-विधान से संपन्न हवन के उपरांत पूर्णाहुति दी गई और इसी के साथ त्रिदिवसीय शिव आराधना महोत्सव का विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के पदाधिकारी जीवन लाल कौशिक, राममनोहर दुबे, प्रदीप शुक्ला, प्रदीप चतुर्वेदी, मनीष मिश्रा, भगवती प्रसाद मिश्र, मनीष अग्रवाल, मनीष साहू, परस साहू, प्रमोद दुबे, संतोष तिवारी, विमला सुनील साहू, नेतराम सोनवानी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। विदित हो कि सामाजिक कार्यकर्ता स्व. शांताराम के द्वारा हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू के प्राचीन वैभव को पुनर्जीवित करने की दृष्टि से द्वीप क्षेत्र में विभिन्न आयोजन और गतिविधियां प्रारम्भ किया और आसपास 40 गांवों के ग्रामीणों से जीवन्त सम्पर्क स्थापित कर द्वीप क्षेत्र में होने वाले आयोजनों से जोड़ने का कार्य किया।

# प्रकाश मोदी दिगंबर जैन धर्म संरक्षण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर के व्यवसायी एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी पैनल के सदस्य पारस टीवी चैनल के संचालक, प्रकाश मोदी को दिगंबर जैन धर्म संरक्षण महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजराज गंगवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा मनोनीत किया गया है। प्रकाश मोदी समस्त भारतवर्ष की जैन समाज के तीर्थ क्षेत्र धार्मिक आयोजनों में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे एवं साधु संतों की सेवा का कार्यभार संभालेंगे।

आपके द्वारा पूर्व में जैन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक सामाजिक रचनात्मक एवं धार्मिक आयोजन विशाल रूप से संपन्न हुए हैं । आपकी नियुक्ति से निश्चित ही महासभा को धर्म के क्षेत्र में विशेष सफलता प्राप्त होगी। प्रकाश मोदी ने अपनी नियुक्ति को समस्त भारतवर्ष की जैन समाज के सद्भावना एवं सहयोग को दिया है। प्रमुख रूप से नरेंद्र जैन गुरु कृपा रायपुर , प्रदीप जैन विश्व परिवार रायपुर, विनोद जैन रायपुर , विनोद जैन बिलासपुर, दिलीप जैन जशपुर नगर , गजेंद्र पाटनी कुनकुरी , अशोक जैन बलोदा बाजार , मनोज जैन नेवरा आदि ने बधाई प्रेषित किया है।

# सशिमं में 12 के विद्यार्थियों को दिया गया आशीर्वचन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. वि. में 13 फरवरी को कक्षा द्वादश के भैया बहनों को शुभकामना संदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सशिमं कवर्धा के व्यवस्थापक विनोद कुमार चंद्रवंशी के मुख्य आतिथ्य एवं ओमप्रकाश जोशी के विशेष आतिथ्य में माँ सरस्वती, ऊं एवं भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भैया - बहनों ने तिलक लगाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। एकादश के सूरज अग्रवाल, बहिन राखी कौशिक ने शुभकामनायें दी। द्वादश के दिव्या शर्मा एवं आदित्य वैष्णव ने अनुभव कथन किया।




मुख्य अतिथि ने भैया बहनों को उनके उज्वल भविष्य के लिए जीवन में आत्मसंयम और स्व पर अनुशासन रखने पर जोर देते हुए जीवन के मौलिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला।उन्होंने आदर्श नागरिक का निर्माण की बात विशेष रूप से की। उन्होंने कहा सशिमं में प्रवेश ले लेने वाला विद्यार्थी यहाँ से विदा नहीं होता वह जीवन पर्यंत किसी न किसी रूप में जुड़ा रहता है। ओमप्रकाश जोशी ने बच्चों को जीवन में आत्मनिर्भर बनने की बात करते हुए आत्म नियंत्रण को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए सतत अध्ययन अध्यापन पर बल दिया। उन्होंने कहा यहाँ शिक्षा के साथ दीक्षा भी दी जाती है जो अन्य विद्यालयों से हटकर है। पुरूषोत्तम सिंघानिया, राकेश जोशी, सुरेश सिंघानिया, पुरूषोत्तम अग्रवाल, मंजू ठाकुर ने अपने आशीर्वचन में जीवन में संस्कारों को न भूलने तथा प्रत्येक कार्य में मानव सेवा व राष्ट्रप्रेम का समावेश करने की बात कही। एकादश के बच्चों द्वारा द्वादश के भैया बहनों के मनोरंजन हेतु खेल का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा सुमधुर गीत का गायन किया गया। अतिथियों के द्वारा द्वादश के भैया बहनों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन बहिन तोषिका साहू एवं बहिन टोमेश्वरी साहू ने किया। अतिथि परिचय राकेश जोशी ने दिया। आभार प्राचार्य लखन लाल साहू ने व्यक्त किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षक के लिए बेहतर उपहार है - अजय साहू



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** समीपस्थ अजय कोचिंग क्लासेस चीजगांव में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत एवं आशीर्वाद समारोह हुआ। कार्यर म का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन-अर्चन एवं वंदना के साथ हुआ। कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों के सहयोग से विदाई आयोजित किया गया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर उज्जवल भविष्य के लिए कामनाएं की गई। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने-अपने अनुभवों व विचारों को साझा करते हुए संस्था में व्यतीत समय को याद किया। कार्यर म को आशीर्वचन के रुप संबोधित करते हुए संस्था के शिक्षक अजय साहू ने कहा कि शिक्षक को उपहार देना हो तो बेहतर परिणाम से बड़ा उपहार नहीं है। दसवीं एवं बारहवीं के बच्चों को तनावमुक्त परीक्षा देने की बात कही। बच्चे बोर्ड परीक्षा के नियमों का पालन करते हुए परीक्षा में शामिल होवे। इस अवसर पर कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के समस्त विद्यार्थियों को शिक्षक अजय साहू ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं एवं जीवन में सफलता हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा बारहवीं के सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह स्वरूप डायरी और पेन भेंट किया। बारहवीं के विद्यार्थियों ने भी संस्था प्रमुख अजय साहू को भेंट प्रदान किया।

## विधायक ईश्वर साहू ने दही मही स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में किया दर्शन-पूजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू ने दही मही स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विधिवत दर्शन-पूजन एवं भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित रहे। पूजन-अर्चना के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्तिभाव से भगवान शिव की आराधना करते नजर आए। संपूर्ण मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा और वातावरण भक्तिमय बन गया। विधायक ईश्वर साहू ने पूजा के उपरांत क्षेत्र की जनता के सुख-समृद्धि, शांति तथा विकास की



कामना की।

उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से क्षेत्र में सदैव खुशहाली एवं सामाजिक सौहार्द बना रहे, यही उनकी प्रार्थना है।

इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विधायक ईश्वर साहू का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्राचीन शिव मंदिर सिद्धेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध है, जहां दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। पूरे आयोजन में धार्मिक उल्लास एवं भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला।

## खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या में डूबा श्रद्धा और भक्ति का हुआ अनुपम संगम

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** फागुन उत्सव के पावन अवसर पर नगर के प्रमुख व्यवसाई एवं पत्रकार अनिल सिंघानिया एवं श्रीमती पुष्पा सिंघानिया के निवास पर श्रद्धा, भक्ति एवं दिव्यता से परिपूर्ण खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या एवं संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने "हारे के सहारे" के जयकारों के साथ भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की। आयोजन के दौरान बाबा का



अलौकिक एवं भव्य श्रृंगार किया गया तथा आकर्षक दरबार सजाया गया। भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति से संपूर्ण वातावरण श्रद्धामय एवं भक्तिमय हो गया। बाबा श्याम के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा परिसर भक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम से पूर्व अतुल सिंघानिया, श्रीमती मोनिका सिंघानिया एवं बहन स्मृति सिंघानिया द्वारा विधि-विधान से बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। जैसे ही भजन-कीर्तन प्रारंभ हुआ, श्याम प्रेमियों ने जयकारों के साथ भक्ति गीत गाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। संकीर्तन के दौरान "हारे के सहारे श्याम हमारे", "सावन का नजारा है" जैसे प्रसिद्ध भजनों की मधुर प्रस्तुति लता शर्मा द्वारा दी गई, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। महिलाएं विशेष रूप से भक्ति में लीन होकर भजनों पर भाव-विभोर नजर आईं। कार्यक्रम के समापन पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन के माध्यम से नगर में धार्मिक सौहार्द एवं आध्यात्मिक वातावरण का सुंदर संदेश देखने को मिला।

# हथबंद-भाटापारा सेक्शन का रेल अधोसंरचना विकास कार्य से रेल को गति

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत हथबंद-भाटापारा सेक्शन के लेवल क्रॉसिंग संख्या 389 कुकराचुंदा पर रिलीविंग गर्डरों के लॉन्चिग कार्य के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया गया था। यह सेक्शन हावड़ा मुंबई मुख्य मार्ग पर स्थित है। इस लेवल क्रॉसिंग का कुल यातायात इकाई 48,995 है तथा यह कुकराचुंदा, मोहभट्ठा एवं आसपास के अनेक गाँवों को महत्वपूर्ण संपर्क सुविधा प्रदान करता है। इस मार्ग के बिलासपुर - रायपुर सेक्शन में ट्रेनों की अनुमेय गति बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटा कर दी गई है। अतः आम जनता की सुरक्षा एवं परिचालन संरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस लेवल क्रॉसिंग पर आर.यू.बी. रोड अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। आर.यू.बी. हेतु गर्डर लॉन्चिंग का कार्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रात्रि ब्लॉक अवधि 01:10 बजे से 05:10 बजे तक नियंत्रित ट्रेन संचालन के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। गर्डर लॉन्चिंग कार्य के अतिरिक्त, मेगा ब्लॉक / शैडो ब्लॉक के दौरान निम्नलिखित सहायक कार्य भी एक साथ निष्पादित किए गए निपानिया में 02 टर्नआउट का इउट ब्लास्ट क्लीनिंग मशीन द्वारा डीप स्क्रीनिंग।, भिलाई में 11 केवी ओवरहेड लाइन का डिस्मैंटलिंग, प्रोजेक्ट यूनिट द्वारा 12 पोर्टल 225 केवी प्रणाली का इरेक्शन, 2 टीडब्ल्यू एसईजे का इन्सर्शन, 4 ग्लूड जॉइंट का नवीनीकरण, 2 स्कैब्ड रेल का नवीनीकरण की आवश्यकता वाले दोषपूर्ण वेल्ड को हटाया गया , टीओ-2 का टैम्पिंग, प्लेन ट्रैक का टैम्पिंग,नॉन-स्टैण्डर्ड ओएचई सुधार हेतु भिलाई रेलवे स्टेशन पर 07 पोर्टल बूम का इरेक्शन, भिलाई टीएसएस में 11 एल्युमिनियम क्रॉस-फीडर को कॉपर में परिवर्तित करना। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षित रेल यात्रा हेतु गर्डर लॉन्चिंग के साथ-साथ सभी आवश्यक सुधारात्मक कार्य निर्धारित ब्लॉक अवधि के भीतर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुरक्षित रूप से पूर्ण कर लिए। इससे हथबंद-भाटापारा की अधोसंरचना विकास को गति मिलेगी।

## शिवरतन ने बंगाल चुनाव के लिए वर्धमान जिला में बैठक ली



**भाटापारा।** पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव के सिलसिले में भाटापारा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के चुनावी अनुभव व कार्य क्षमता को देखते हुए भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने उन्हे पश्चिम बंगाल ज़ेजा है । इसी सिलसिले में अपने पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान शिवरतन शर्मा वर्धमान जिला के मेमारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ साथ संगठन से जुड़े सभी लोगो की बैठक लेकर उन्हें अनुशासन , समर्पण तथा संगठनात्मक दायित्व सौंपने के साथ साथ अन्य चुनावी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए विधासभा चुनाव क ो लेकर कार्य योजना एवं रणनिती बनाने पर अपने विचार से अवगत कराते हुए चुनावी रण में जुट जाने की अपील की । उपरोक्त अवसर पर पश्चिम बंगाल के अनेक पार्टी नेता पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देवरी स्कूल में सीनियर्स छात्रों को विदाई पार्टी दी गई



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर से 5 किलोमीटर दुर ग्राव देवरी के शास उच्च माध्य विद्यालय में 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं व स्मृति उपहार ज़ेंट कर बिदाई दी। फेयर वेल कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा व उनके स्टॉफ के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सीनियर्स छात्र-छात्राओं सचिन साहू, चंदा यादव, अर्चना वर्मा, अजय वर्मा,कुलेश्वर निषाद, दुर्गा फेकर,सोनम मंगलम, टिकेश्वर निषाद रेवती,प्रार्थना,नीलम वर्मा ने विद्यालय में अपने अध्ययन काल के अनुभव साझा किये। उन्होंने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किए की उनके आशीर्वाद से हमें सदैव सफलता हासिल हुई। विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। उक्त अवसर पर रेणू शर्मा ,मृणालिनी शुक्ला ,हेम कुमार साहू,हेमलाल साहू, प्रीती शाह शुभा शर्मा,अनुप कुमार खरे,चंद्रकांत बागड़े, राकेश कुमार वर्मा,गिरजा शंकर,तिवारी,गजेन्द्र कुमार साहू, टिकेश्वरी साहू ,हुलसी वर्मा पुष्पलता अग्रवाल, सुनील कुमार दीवान , दिव्या वर्मा ,एवं नीशू तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मेगा हेल्थ कैम्प में 250 लोगों की जांच, 77% में हड्डियों की कमजोरी

### शिवपुरी अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कार्य संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शिवपुरी मल्टी स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लाभ उठाया। शिविर में बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट, बीपी, शुगर एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। लगभग 250 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयों का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान 125 लोगों की हड्डियों की विशेष जांच की गई, जिसमें चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। जांच में करीब 77% लोगों में कैल्शियम व विटामिन-डी की कमी से होने वाली ऑस्टियोपीनिया तथा लगभग 15% लोगों में ऑस्टियोपोरोसिस के लक्षण पाए गए। चिकित्सक दंपत्ति डॉ. शिल्प वर्मा एवं डॉ. रितु शिल्प वर्मा ने उपस्थित लोगों को हड्डियों को मजबूत बनाने वाले खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी व पोस्टर के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने दैनिक आहार में मुनगा (सहजन), मूली, पालक, मेथी, टमाटर, रागी के लड्डू, सूखे मेवे, मखाना, खजूर, अंगूर, अंडा, दूध आदि को शामिल करने की सलाह दी। साथ ही कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटेशियम, विटामिन डी 3 , बोरान जैसे पोषक तत्वों की आवश्यकता पर जोर दिया। शिविर में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग प्रदान करने वाले लोगों को एवं अपने सभी स्टाफ मेम्बर्स को चिकित्सक दंपत्ति ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# शिवरतन शर्मा ने महतारी चौक सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा** । स्थानीय गांधी मंदिर वार्ड में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने महतारी चौक निर्माण सहित सीसी रोड निर्माण का एक गरिमामय समारोह में भूमिपूजन किया । उक्त अवसर पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा भी उपस्थित थे। भूमि पूजन समारोह के दौरान शिवरतन शर्मा ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी चौक निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर यह चौक नगर की पहचान को नई दिशा प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा एवं गौरव का प्रतीक बनेगा। इसके निर्माण से क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों में सांस्कृतिक आत्मगौरव की भावना सुदृढ़ होगी। साथ ही सीसी रोड निर्माण की बहुप्रतिक्षित मांग पूर्ण होने से इस क्षेत्र में रहने वाले लोगो को बारहमासी यातायात सुविधा का भरपुर लाभ प्राप्त हो सकेगा और क्षेत्र में जल भराव की समस्या का निदान भी हो जायेगा। उन्होनें यूनिपोल एडवरटाइजिंग स्थापना कार्य का भी शुभारंभ किया जिससे नगर में सूचनाओं, जनसंदेशों एवं सार्वजनिक घोषणाओं के व्यवस्थित प्रचार-प्रसार में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र का समुचित सौंदर्यीकरण सुनिश्चित होगा। उपरोक्त अवसर पर आनंद यादव , राकेश तिवारी, गोविंद पटेल ,मनीष मिश्रा ,कुंजराम कोशले, दीपा साहू , नंदकिशोर वैष्णव, सुरेश मंधान, सतीश साहू, लक्ष्मीकांत टंडन ,उमाशंकर वर्मा ,श्रेणिक गोलछा, भुवन सिंह ठाकुर, मोंटू ध्रुव, प्रत्येश राठौर, सुनील यदु ,आशीष जायसवाल ,महाबल बघेल , योगेश अनंत, डब्लू सिंह ठाकुर, लुकु साव, राजेश साह, देवेंद्र साहू, शुभम राजपूत, दशरथ साहू, राजा कामनानी, आयेशा खान, ऋतु यादव, मधु सोनी, रागिनी डोंडे ,गोलू देवांगन ,हेमंत साहू ,पवन वर्मा पवन साहू ,चंद्रकांत यदु, बासु यदु सहित बड़ी संख्या में अन्य नेता व कार्यकर्ता तथा आम नागरिक उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर भाटापारा में 108 जोड़ो द्वारा पार्थिव शिवलिंग पूजन

**भाटापारा।** महाशिरात्रि के पावन अवसर पर शहर में विशाल शोभा यात्रा शिव की बारात व 108 जोड़ो के द्वारा पार्थिव शिवलिंग पुजन रूद्राभिषेक की तैयारी पुरी कर ली गई जय जेले कावड़िया संघ की बैठक में यह तय किया गया कि 15 फरवरी रविवार को दोपहर बाद 3 बजे महासती मंदिर प्रांगण से भगवान शिव की विशाल शोभा यात्रा निकलेगी । जिसमें शिव के विभिन्न रूपों की आकर्षक झांकी व संगीत के साथ शोभा यात्रा प्रारंभ होगी और यह सतीमंदिर , जैन मंदिर , पंचायती मंदिर , गोविंद चौक , राम सप्ताह चौक , आजाद चौंक , जय स्तंभ चौक , कांग्रेस भवन होते हुए नगर पालिका के बाजु स्थित महाकाल मंदिर तक जायेगी जहां भगवान शिव की महा आरती का भव्य आयोजन किया गया है उक्त अवसर पर ठंडाई का प्रसाद वितरण भी किया जायेगा । इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से पद्यमा रिसोर्ट तरेंगा नाका के पास पंडित जितेन्द्र तिवारी के मार्ग निर्देशन में 108 जोड़ो द्वारा भगवान शंकर का पार्थिव शिवलिंग पूजन व रूद्राभिषेक का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बृजकिशोर अग्रवाल विपिन अग्रवाल , मुकेश बालानी , दीपक मल , रवि गुप्ता, धनंजय गुप्ता , गोपाल प्रसाद पुरोहित , रामजी जोशी , प्रकाश शर्मा , विनय ठाकुर , मोनु मल ,दिनेश सचदेव , नंदन शर्मा के अलावा अन्य शिव भक्त पुरी तरह सक्रिय है।



## शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले ने प्लाट मालिक ने की मारपीट

**भाटापारा** । शहर सीमा के नजदीक लगे गांव ढाबाडीह में एक ग्रामीण द्वारा शासन की बहुमुल्य शासकीय जमीन को एक लंबे समय से अवैध कब्जा कर घेर लिया गया है जबकि उक्त शासकीय जमीन जन सामान्य के आवा जाही के लिए स्थित था जिसे अतिक्रमण करते हुए उक्त ग्रामीण व उनके परिजनों ने तारजाली का घेरा कर अवैध कब्जा करते हुए राजस्व प्रशासन को खुलेआम चुनौती दे दी है। बताया जाता है कि उक्त अवैध कब्जा को हटाने के लिए तहसीलदार ने निर्देश देने के साथ ही पटवारी को कार्यवाही करने के लिए कहा है लेकिन लिखित आदेश के बावजुद राजस्व प्रशासन का अमला उपरोक्त शासकीय बहुकीमती जमीन को अवैध कब्जाधारी व उनके परिजनों के चंगुल से मुक्त नही करा पा रहा है।

## देवरी में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया

**भाटापारा।** शहर से 5 किलोमीटर दुर ग्राम देवरी में स्थित शा. उच्च माध्य विद्यालय में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार के विभिन्न लाभकारी योजनाओं निश्शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, निश्शुल्क सरस्वती सायकल वितरण, के जी बी पी ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कैरियर मार्गदर्शन, बालिका समृद्धी योजना एवं एस एम डी सी के संबंध में सविस्तार जानकारी उपस्थित माताओं को दी गई । उपरोक्त अवसर पर प्राचार्य



दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि मातृ सम्मेलन आयोजित करने का उद्देश्य शासन की विभिन्न लाभकारी योजनाओं को माताओं तक जानकारी प्रदान करना था जिससे सभी अपने बच्चों के प्रति सशक्त रूप से जागरूक होकर लाभ लें सके । कार्यक्रम में राकेश कुमार वर्मा , सुनील कुमार दीवान , हेमलाल साहू , प्रीती शाह ,धनराज वर्मा ,पवन वर्मा, गन्नूलाल रजक, राजेश्वरी वर्मा , हेम कुमार साहू,मृणालिनी शुक्ला,रेणू शर्मा,चंद्रकांत बागड़े, गिरजा शंकर तिवारी ,जी के साहू ,पुष्पलता अग्रवाल, टिकेश्वरी साहू ,हुलसी वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### माचाभाट में मुक्तिधाम व पीडीएस भवन बनाने की घोषणा की शिवरतन ने



**भाटापारा।** विधानसभा क्षेत्र के गांव माचाभाट में पांच लाख रूपयें की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण व रामायण ज़ेजनालय कक्ष का भूमि पूजन व लोकार्पण भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होनें गांव में पी,डी,एस भवन व मुक्तीधाम , मुक्तिधाम प्रतीक्षालय बनाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होनें कहा कि भाजपा सरकार हमेशा किसानों व मजदूरों सहीत सभी वर्गों के लोगों के लिए काम कर रही है व भाजपा सरकार की बड़ी सौगात किसानों को होली के पहले धान का बोनस 25.24 लाख किसानों को 10 हजार करोड़ रुपए का एकमुश्त भुगतान करने का निर्माण भाजपा सरकार ने लिया तथा वीबी जी राम जी योजना में 125 दिनों का रोजगार सहित अन्य योजनाओं का सीधा लाभ सभी वर्गों क ो मिलेगा। पंचायत राज का विकास होगा उपरोक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा , आनंद , दौलत पाल , गोपाल शुक्ला , दिसी गोविंद वर्मा , ईशान वैष्णव , नरायण साहू , परमेश्वर यदु ,रामेश्वर शर्मा , गीता संतोष साहू , चन्द्रप्रकाश टोंडे , दुर्गेश यदु सहीत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अज्ञात तत्वों ने ट्रैक्टर व हार्वेस्टर को आग लगाया

**भाटापारा।** शहर से 9 किलोमीटर दुर जरहागांव के एक किसान के कोठार में रखे हुए ट्रैक्टर व हार्वेस्टर को अज्ञात तत्वों ने आग लगाकर भस्मीभुत कर दिया है। उपरोक्त सबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जरहागांव निवासी रोमहर्षन वर्मा ने अपना ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 सी के एल 4153 तथा वर्धमान कंपनी द्वारा निर्मित हार्वेस्टर को गांव के ही रिखीराम वर्मा के कोठार में रखा था । उनका कहना था कि पिछले दो माह से क ृषि कार्य नही होने के कारण दो वाहनों को वह रिखीराम के कोठार में रखा था जिसे किसी अज्ञात तत्व ने आग लगा दिया। जानकारी होने पर ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबु पाया गया लेकिन दोनो वाहन बुरी तरह जल जाने से बड़ी आर्थिक क्षति किसान को पहुंची है । घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता क ी धारा 326 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### स्कूटी सवार युवक अवैध शराब के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा

**भाटापारा।** विश्रामगृह से रेलवे गुड्स शेड की ओर जाने वाले रास्ते में अवैध शराब परिवहन करते हुए एक स्कूटी सवार युवक को पुलिस ने धर दबोचा है। उपरोक्त सबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस गश्ती दल ने विश्राम गृह के बाजु से रेलवे गुड्स शेड की ओर सिद्धबाबा रेलवे क्रॉसिंग की ओर जाने वाली सड़क पर एक स्कूटी सवार युवक को 19 पाव देसी मसाला शराब एक प्लास्टिक बोरी में ले जाते हुए पकड़ा है । पकड़े गये 22 वर्षिय युवक समीर सिंग अपने स्कूटी क्रमांक 22 एक्स 2481 में सवार होकर सिद्धबाबा धौराभाठा शराब दुकान से पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब लेकर जा रहा था इसी दौरान वह पुलिस दल के हत्थे चढ़ गया । समीर सिंग के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### सेंदरी में मारपीट के आरोपी पर मामला दर्ज

भाटापारा। शहर से 4 किलोमीटर दुर ग्राम सेंदरी में एक शराबी युवक को उत्पात मचाने से मना करने पर उसने मना करने वाले व्यक्ति की पिटाई कर दी । उपरोक्त सबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सेंदरी गांव निवासी जोहन्ना विब्सन नामक ग्रामीण से जब वह एक दुकान में किराना सामान खरीदने गया था उसी वक्त नशे में धुत महेन्द्र टंडन नामक युवक ने उत्पात मचाते हुए गांव की गलियों में गाली गलौच करने लगा जिसपर जोहन्ना विब्सन ने उत्पात मचाने से शराबी को मना किया इस बात पर महेन्द्र टंडन उत्तेजित हो गया व जोहन्ना के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की। जोहन्ना विब्सन की रिपोर्ट पर पुलिस ने महेन्द्र टंडन के विरूद्ध धारा 115 (2), 296,351(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

# श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाललीला में श्रृद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**भाटापारा।** ग्राम कोलिहा गौठान में ग्रामीण जनों के सहयोग से सप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन चार फरवरी बुधवार से प्रारंभ हुआ है। कथा वाचक पंडित सुरेश कृष्णा गिरी महाराज द्वारा कथा में देव आह्वन, गोकर्ण कथा ,परीक्षित जन्म, वराह अवतार, ध्रुव चरित्र जड़ भरत चरित्र, अजामिल कथा, हिरण्यकश्यप युद्ध , वामन, मतस्य, रामकृष्ण जन्मोत्सव , माखन चोरी, गोवर्धन पूजा सोमवार महारास, कंसवध, रुकमणि विवाह मंगलवार कृष्ण विवाह, सुदामा चरित्र, चढ़ोतरी



तथा आगे कि कथा में तुलसी वर्षा, हवन पूजन, सहखधारा, ब्राह्मण ज़ेज तथा कथा का रसपान गांव वालों को कराएंगे। कार्यक्रम क ी व्यवस्था में सरपंच गीता संतोष साहू, जनपद सदस्य रामजी निषाद ,उपसरपंच लीना ब्रम्हानन्द साहू ,मधु साहू व समस्त गणमान्य लोग जुटे हुए हैं।

# फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया अश्वनी शर्मा ने

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा ।** शहर के माता देवालय वार्ड स्थित सर्कस मैदान में तीन दिवसीय सम्राट फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में आयोजित 7-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भाग लिया इस अवसर पर डॉ विकास आडिल,अमरजीत सलूजा भी ` उपस्थित थे। उक्त अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए संबोधन में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम है बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समन्वय और सकारात्मक सोच का भी विकास करता है। फुटबॉल जैसे टीम खेल से सामूहिक प्रयास, रणनीति और



पारस्परिक सहयोग की भावना सुदृढ़ होती है जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के आयोजन नगर के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से उन्हें नशामुक्ति, सकारात्मक ऊर्जा एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना की ओर प्रेरित करते हैं। आयोजन समिति, खिलाड़ियों, सहयोगी संस्थाओं एवं खेल प्रेमी नागरिकों के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन भव्य रूप ले सका।

# दावनबोड के आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया वजन त्यौहार

**भाटापारा।** ग्राम दावनबोड के केंद्र क्रमांक 01 एवं केंद्र क्रमांक 02 में वजन त्यौहार मनाया गया जिसके अंतर्गत 0 से 6 साल के बच्चों का वजन कर उनके स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उत्तम पोषण आहार खिलाना माँ के दुग्ध सभी माताओं को पिलाना चाहिए बताया गया। स्वस्थ बालक बालिका अच्छे भविष्य का निर्माण करेंगे कुपोषित बच्चों का पहचान कर उनको उत्तम आहार खिलाना और कुपोषित से बचाना है। उक्त अवसर पर दीप्ती गोविंद वर्मा सभापति स्वास्थ्य एवं



महिला बाल विकास जिला पंचायत सुपरवाइजर पुरुषोत्तम पाटले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती उत्तरा वर्मा लता वर्मा सहायिका शांता ध्रुव कांति साहू मितानिन रामेश्वरी वर्मा गंगा वैष्णव कलिंदरी वर्मा बसंती ध्रुव शिशुओं के माताएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# चार सवारी बैठे दुपहिया वाहन चालक ने युवक को ठोकर मार घायल किया

**भाटापारा।** शहर से 11 किलोमीटर दुर ग्राम सिंगारपुर में एक तेज रफ्तार दुपहिया वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज वाहन दौड़ाते हुए सड़क किनारे घर पर खड़े युवक को ठोकर मारकर बुरी तरह घायल कर दिया है। उपरोक्त सबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निपनिया की ओर से एक दुपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 बीई 9142 के चालक प्रकाश घृतलहरे जो की उक्त वाहन में अपने सहित कुल चार लोगो को बैठाकर वाहन दौड़ा रहा था इस बीच वह सिंगारपुर गांव के पास अपना नियंत्रण खो बैठा फलस्वरूप सिंगारपुर निवासी रामखिलावन यदु जो कि अपने रिश्तेदार चित्रकांत यदु , चम्मन यदु के साथ बात करते खड़े थे इसी दौरान प्रकाश घृतलहरे के तेज रफतार वाहन ने राम खिलावन यदु को बुरी तरह ठोककर घायल कर दिया इस दौरान दुपहिया वाहन चालक भाग खड़ा हुआ। दुर्घटना में घायल रामखिलावन यदु को उपचार के लिए बिलासपुर हॉस्पिटल भर्ती कराया गाय है जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दुपहिया वाहन चालक प्रकाश घृतलहरे के विरूद्ध धारा 125 ए , 281 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

# स्मार्ट मीटर के सबंध में विद्युत विभाग ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया



**भाटापारा ।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा राज्य भर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा आगामी 23 फरवरी तक का आयोजन किया गया है। जिसके तहत भाटापारा में भाटापारा जोन कार्यालय द्वारा तरेंगा नाका बिजली तिराहा एवं फव्वौरा चौक में नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित विद्युत उपज़ेक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे बताए गए एवं उन्हें मोबाइल ऐप के द्वारा फीडबैक दिए जाने हेतु जागरूक किया गया एवं स्मार्ट मीटर की भ्रांतियों को दूर किया गया। इसके अलावा उपज़ेक्ताओं से स्मार्ट मीटर फीडबैक फॉर्म में मीटर के फायदे पर प्रश्नावली एवं सुझाव मांगे गए जिसमें उपज़ेक्ताओं द्वारा रुचि दिखाई गई। नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के दौरान टाटा पावर प्लस कंपनी के अधिकारी / कर्मचारी एवं भाटापारा जोन कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता पुनीत शुक्ला अपने स्टॉफ के साथ उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी अनुभाग अधिकारी अग्रवाल ने दी है।

# भाटापारा शहर में एक युवक की बेरहमी से हत्या , पुलिस जांच में जुटी

**भाटापारा।** शहर सीमा अंतर्गत दिनदयाल उपाध्याय वार्ड के मेहता नगर में एक युवक के शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने जांच आरंभ कर दिया है। उपरोक्त सबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनदयाल उपाध्याय वार्ड के मेहता नगर में सुबह लोगो ने एक शव मिलने की जानकारी पुलिस को दी इसके बाद पुलिस ने शव की पहचान लोगो से कराते हुए उक्त शव की



पहचान सोनु गायकवाड मुल निवासी ग्राम पेंडरी भटबेरा निवासी के रूप में की है। उक्त युवक की हमलावरों ने बेरहमी से सिर पर ईट के प्रहार से प्राण घातक हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया है। उक्त वारदात से सनसनी फैल गई है। सोनु गायकवाड की हत्या किसने की ? क्यो की? इस मामले पर इस मामले पर पुलिस की जांच हर दृष्टिकोण से जारी है संपूर्ण जांच के बाद ही मौत के कारणो का खुलासा हो पायेगा बहरहाल घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से भाग खड़े हुए है।

# शिवरतन शर्मा ने ग्राम दतरेंगी व कोटमी में छात्राओं को सायकल वितरित किया , सायकल पाकर छात्राएं हुई खुश

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ब्लॉक के ग्राम दतरेंगी के हायर सेकण्डरी स्कूल में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत शाला में अध्ययनरत छात्राओं क ो सायकल का वितरण वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा द्वारा किया गया । इस अवसर पर उन्होनें कहा कि शिक्षा अर्जन क े लिए दुर दुर से आने वाली बेटियों को घर से स्कूल तक आने में होने वाली असुविधा को ध्यान में रख प्रदेश की संवेदनशील विष्णु देव सरकार ने सरस्वती सायकल योजना के तहत अधिक से अधिक छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने का काम शुरू किया है। इस योजना से छात्राओं को जहां एक ओर सुविधा मिलेगी वहीं उन्में आगे बढने का आत्मविश्वास व साहस भी उत्पन्न होगा और वे उत्साह के साथ अपनी पढ़ाई पुरी करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी। इसी तरह ग्राम कोटमी में भी शिवरतन शर्मा ने स्कूल पहूंचकर कोटमी स्कूल में आयोजित नि:शुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत तमाम छात्राओं को सायकल का वितरण किया । उक्त मौके पर उन्होनें कहा कि बेटियों की शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की सच्ची प्रगति का मार्ग तय करता है । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार ने महिलाओं और बेटियों को शिक्षित , सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार उल्लेखनीय कार्य किये है। शिवरतन ने कहा कि शिक्षा और विकास दोनो ही हमारे संकल्प और सेवा का आधार है इसी सोच के साथ बेटियों को शिक्षित करके समाज को नई दिशा देने के क्रम में सरकार काम कर रही है। उन्होनें छात्राओं को सायकल वितरण के पश्चात बधाई देते हुए कहा कि सायकल मिलने से अब छात्राओं को किसी भी प्रकार की बाधाये आने जाने में नही होगी और पढाई का कार्य वे बेहतर ढंग से कर सकेंगी। उन्होनें छात्राओं से ध्यान लगाकर पढ़ाई करने व परिवार , समाज एवं गांव का नाम रोशन करते हुए अपने भविष्य को उज्जवल बनाने की बात कही उपरोक्त अवसर पर देवनाथ वर्मा , डब्ल्यू सिंग ठाकुर सहित दोनो गांव के स्कूल स्टॉफ के लोग बड़ी तादाद में मौजुद थे।

## हथबंद भाटापारा के बीच कार्य के कारण अनेक यात्री ट्रेन रद्द रहेगी

**भाटापारा।** दक्षिण मध्य पूर्व रेलवे के हथबंद रेलवे स्टेशन व भाटापारा सेक्शन में रोड अंडर ब्रिज निर्माण के चलते गर्डर लॉचिंग के कारण ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लेने का फैसला रेल प्रशासन ने लिया है इसके अंतर्गत हथबंद - भाटापारा सेक्शन के बीच किलोमीटर 774/13 -15 पर लेबल क्रॉसिंग संख्या 389 के स्थान पर रिलिविंग गर्डरो के लॉचिंग कार्य किये जाने के कारण अनेक यात्री ट्रेनो का परिचालन प्रभावित रहेगा। आगामी 14 फरवरी दिन शनिवार को ट्रेन क्रमांक 68728 रायपुर - बिलासपुर मेमु पैसेंजरलोकल को रद्द किया गया है। इसी तरह ट्रेन क्रमांक 68719 बिलासपुर - रायपुर मेमु पैसेंजरलोकल को निरस्त किया गया है। 14 फरवरी दिन शनिवार को ही ट्रेन क्रमांक 58203 कोरबा से चलकर रायपुर जाने वाली पैसेंजर लोकल ट्रेन को रद्द किया गया है । इसी प्रकार 15 फरवरी दिन



रविवार को ही ट्रेन क्रमांक 58202 रायपुर - बिलासपुर मेमु पैसेंजरलोकल को रद्द किया गया है। इसी तरह आगामी 14 फरवरी दिन शनिवार को ट्रेन क्रमांक 68862 झारसुगड़ा गोंदिया जेडी पैसेंजर ट्रेन को बिलासपुर में ही समाप्त किया जायेगा और जेडी पैसेंजर ट्रेन बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 68861 गोंदिया झारसुगड़ा मेमु पैसेंजर जेडी ट्रेन बिलासपुर से ही झारसुगड़ा के लिए रवाना होगी इसलिए यह ट्रेन गोंदिया एवं बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए रेलवे के विकास कार्यो में सहयोग की अपील की है।

# ग्राम लेवई में फाईलेरिया उन्मूलन के तहत कार्यक्रम का शुभारंभ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ग्राम लेवई में एमडीए कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया जिसके तहत सरपंच और स्वास्थ्य अधिकारियों ने दवा खिलाई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों से मुक्त करना और जन-स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती गायत्री गोविन्द ध्रुव द्वारा की गई। उन्होंने स्वयं दवा खाकर और ग्रामीणों को दवा खिलाकर इस महत्वपूर्ण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ पंचायत ही समृद्ध पंचायत का आधार है इसलिए हर पात्र व्यक्ति को यह दवा लेनी अनिवार्य है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी ,सुश्री संध्या दीवान , अरविंद वर्मा, रुद्रदेव वर्मा ,सरोजिनी साहू , कौशलेश तिवारी , केशव ढीमर जन-भागीदारी और लक्ष्यन्अभियान के दौरान अधिकारियों और स्वास्थ्य कार्यकताओं की देखरेख में समस्त ग्राम वासियों को दवा का सेवन कराया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी ने बताया कि एमडीए कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और हाथीपांव जैसे रोगों के उन्मूलन के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा भी बूथ में दवा सेवन किया गया.ग्राम पंचायत लेवई के नागरिकों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की है।

# माताओं की भूमिका को लेकर स्कूल में मातृ सम्मेलन संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** बेटियो की शिक्षा में माताओं की भूमिका और जागरूकता को और प्रबल बनाने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम गुड़ेलिया में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शासन स्तर से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं ओर सुविधाओं के बारे मे माताओं को विस्तृत जानकारी देना था। माताओं को बताया गया कि बालवाड़ी से लेकर कॉलेज तक बेटियों के लिए कई सहायता योजनाएं चल रही है। इसमें कक्षा 1 से 5 तक की एसटी-एससी वर्ग के बालिकाओं को 500 रुपए की छात्रवृत्ति, मिडिल से हायर सेकेंडरी तक एसबी, एसटी, ओबीसी छात्राओं को छात्रवृत्ति, निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तकें और गुणवत्तापूर्ण माध्यान्ह ज़ेजन शामिल है। साथ ही कोरोना काल मे माता-पिता को खो चुके बच्चों के लिए भाटापारा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय हॉस्टल में निःशुल्क 12 वीं तक शिक्षा की व्यवस्था, कक्षा 5 में नवोदय विद्यालय परीक्षा और किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत मिलने वाली लाभ एवं 2025-26 में लागू अजीम प्रेर्क्सफाउंडेशन के द्वारा प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले बालिकाओं के लिए विशेष 30,000 रुपए वार्षिक छात्रवृत्ति योजना से अवगत कराया गया, एवं जानकारियाँ साझा की गई। उक्त अवसर पर भाटापारा ब्लॉक के अनेक अधिकारी , कर्मचारी व शिक्षकीय स्टॉफ के लोग मौजुद थे।

# सरगुजा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनजातीय समाज का सशक्तिकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

**कोरिया।** सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार ने सरगुजा और बस्तर के विकास पर अपना मुख्य फोकस रखा है। प्राधिकरण गठन के साथ महत्वपूर्ण कार्यों के माध्यम से पिछड़े क्षेत्र को विकास से जोड़ा जा रहा है। सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक के माध्यम से सरगुजा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनजातीय समाज के सशक्तिकरण और क्षेत्र की समृद्धि के लिए हमारी सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और सभी के सहयोग से सरगुजा क्षेत्र को प्रगति के नए शिखर पर पहुँचाएंगे।

मुख्यमंत्री एवं सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक बैकुंठपुर जिला पंचायत के मंथन सभाकक्ष में संपन्न हुई, जिसमें सरगुजा संभाग के जिलों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नई योजनाओं को मंजूरी दी गई तथा विभिन्न चल रहे कार्यों की गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्राधिकरण हेतु 50 करोड रुपये के बजट प्रावधान को स्वीकृति प्रदान की गई। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर 543 विकास कार्यों के लिए 4905.58 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 606 कार्यों को भी औपचारिक अनुमोदन दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वीकृत सभी कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए तथा लंबित कार्यों को मार्च माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्राधिकरण की पूर्व बैठक के पालन-प्रतिवेदन के संबंध में बताया गया कि पर्यटन विकास को भी प्रमुखता दी गई है। जशपुर जिले के कुनकुरी स्थित मयाली नेचर कैंप को क्षेत्र का एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बनाने के लिए 40 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा 5 फरवरी 2026 को इन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन संपन्न किया जा चुका है, जिसके बाद अब तेजी से कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं।




बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत 12 समूह जल प्रदाय योजनाओं के अनुबंध निरस्त किए गए हैं तथा एक मुख्य अभियंता और आठ कार्यपालन अभियंताओं को निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय जांच आरंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने गर्मी के दिनों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में बताया गया कि जंगली हाथियों के हमलों से प्रभावित लोगों की सहायता के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मकान क्षति की क्षतिपूर्ति राशि को 18 नवंबर 2024 के आदेश के अनुसार बढ़ा दिया गया है, जबकि अन्य मुआवजा मदों की दरों में वृद्धि के लिए विभागीय परीक्षण जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाथी-द्वंद्व प्रभावित परिवारों को त्वरित और पर्याप्त सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को मुआवजा राशि में वृद्धि हेतु आवश्यक प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। प्राधिकरण की बैठक में

**वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्राधिकरण हेतु 50 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान को दी गई स्वीकृति**

**बुनियादी सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं पर दिया जोर**

विद्युतीकरण कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सोनहत विकासखंड के गांवों में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विद्युतीकरण का कार्य तेज गति से जारी है। वहीं, जशपुर जिले में अत्यधिक बिजली बिलों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 568 त्रुटिपूर्ण बिलों का सुधार किया गया।

इसके अतिरिक्त धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राधिकरण के सभी सदस्यों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, ताकि योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी हो सके। बैठक में प्राधिकरण मद से वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा हुई।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कलेक्टर सहित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, जिससे विकास योजनाओं का लाभ सीधे जनजातीय एवं वनांचल क्षेत्रों के लोगों तक पहुँचे और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिल सके।

### जनप्रतिनिधियों के सुझाव और शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सुझाव के साथ शिकायतें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्राप्त सुझाव और शिकायतों का परीक्षण करने तथा इसे गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की बात कही। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने वनांचल क्षेत्रों में विद्युतीकरण, हाथी-प्रभावित क्षेत्रों में हाथी-विचरण के दौरान विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहने, हाथी से फसलों एवं संपत्ति को हुए नुकसान पर मुआवजा राशि बढ़ाने, जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य अपूर्ण होने, जल स्रोत से पानी उपलब्ध कराने, ग्रामीण सड़कों में भारी वाहन संचालित होने से सड़क को नुकसान होने, लुंड्रा, बतौली, प्रतापपुर क्षेत्रों में गन्ना उत्पादन बढ़ने के कारण गन्ना मिल प्रारंभ करने, मजदूरों के लंबित भुगतान करने, त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों को सुधारने के संबंध में सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने हाथी आदि से हुए नुकसान पर मुआवजा राशि बढ़ाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने, हाथी-प्रभावित क्षेत्रों में हाईमास्ट सोलर लाइट लगाने, गन्ना मिल को प्रारंभ करने और गन्ना उत्पादक किसानों की समस्याओं को दूर करने, उन्हें मजदूरी भुगतान करने, बिजली उपभोक्ताओं के बिल संबंधी त्रुटियों को दूर करने की दिशा में कार्यवाही प्रचलित होने और आने वाले दिनों में बड़ा निर्णय लेने की बात कही। उन्होंने गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण, बिजली तार बिछाकर मछली मारने, वन्यजीव सहित मानव को नुकसान पहुँचाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की बात कही।

### प्राधिकरण की बैठक से बढ़ रही है जिलों की पहचान - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में कहा कि सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक विगत वर्ष जशपुर जिले के मयाली में की गई थी। बैठक के पश्चात मयाली की पहचान पर्यटन केंद्र के रूप में होने लगी है। विश्व के बड़े शिवलिंग को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान मिला और स्वदेश दर्शन योजना के तहत 9 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई। बैठक की सार्थकता रही कि मयाली की पहचान बढ़ गई है और बाहर के पर्यटक आने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि आज प्राधिकरण की दूसरी बैठक बैकुंठपुर में हुई है। यहाँ पहली बार झुमका जलाशय को क्रूज के माध्यम से देखने का अवसर मिला। मंत्रीगण सहित सभी अधिकारी भी आए। यहाँ भी पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। इस तरह अलग-अलग जिलों में बैठक होने का लाभ जिले को मिलता है।

इस दौरान जिले के कृषि एवं प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम, प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम मंत्री श्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, सांसद श्री चिंतामणी महराज, विधायक श्री भइयालाल राजवाड़े, विधायकगण श्री भूलन सिंह मरावी, श्री प्रमोद मिंज, श्रीमती शकुंतला पोर्ते, श्रीमती बुद्धेश्वरी पैकरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री एस. बासव राजू, संभागायुक्त श्री नरेन्द्र दुग्गा, आईजी श्री दीपक झा, जिला पंचायतों के अध्यक्ष, कलेक्टर-एसपी तथा जिला पंचायत के सीईओ भी उपस्थित रहे।





# एकात्म मानववाद के पुरोधा को समर्पण दिवस के दिन सच्ची श्रद्धांजलि







**रायपुर।** एकात्म मानववाद के प्रवर्तक अंत्योदय के प्रणेता एवं महान चिन्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि 11 फरवरी जो की भारतीय जनता पार्टी समर्पण दिवस के रूप में भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर रायपुर में मनाया गया एवं पं. दीनदयाल जी का पुण्य स्मरण किया गया

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने पं. दीनदयाल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके विचारों पर चलते हुये उनके द्वारा लगाया हुआ भारतीय जनता पार्टी नामक पौधा एक विशाल वट वृक्ष के रूप में आकार ले चूका है पं. दीनदयाल जी के विचारों को लेकर ही पिछले 12 वर्षों से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास का ध्येय मंत्र को लेकर भारत को विकास की नयी उचाईयों पर ले जा रहे है

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ विधायक श्री अजय चंद्राकर ने कहा की पं. दीनदयाल जब 35 वर्ष की आयु में जनसंघ का निर्माण कर रहे थे उस समय लोग उनका मजाक उड़ाते थे वही जनसंघ आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में देश में व देश के अधिकतर राज्यों में अपनी सरकार चला है उन्होंने कहा की 22 अप्रैल 1965 में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने अपने भाषण में पहली बार एकात्म मानववाद का विषय सबके बीच में रखा द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप में जब साम्यवाद और पूंजीवाद का जन्म हुआ उस समय पंडित दीनदयाल जी ने भारत को धर्म और संस्कृति आधारित विचार को लेकर समाजवाद जिसमे सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्वतंत्रता हो एवं एकात्म मानववाद के विषय पर जोर दिया 7 पंडित दीनदयाल जी का मानना था की राष्ट्र धर्म निरपेक्ष नहीं अपितु पंथ निरपेक्ष होना चाहिए, राष्ट्र एक जमीन का टुकड़ा मात्र नहीं है एक जीवंत इकाई है राजनीति धर्म तत्व एवं नैतिकता आधारित मूल्यों पर होना चाहिए अर्थव्यवस्था में अंत्योदय आधारित योजनाये बननी चाहिए जो नीचे से ऊपर की ओर सम्पादित होना चाहिए पं. दीनदयाल जी ने अंत्योदय से भूखे एवं बेरोजगारों के उत्थान तथा स्वदेशी से आत्मनिर्भरता की बात की चंद्राकर जी ने कहा की भाजपा सरकार की छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खाद्यान सुरक्षा योजना, कौशल उन्नयन हो, स्वनिधि योजना हो, हेल्थ स्मार्ट कार्ड योजना जैसी कई ऐसी योजनाये बनाई जो अंत्योदय के विचारों से प्रभावित थी

कार्यक्रम के वक्ता सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी ने एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सूत्रधार पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया की गरीबी एवं अभाव के बाद भी कड़े संघर्ष करते हुए उन्होंने अपनी शिक्षा पूर्ण की प्रथम श्रेणी में प्रशासनिक परीक्षा प्रथम स्थान से पास करने के बाद भी उन्होंने देश सेवा को प्रथम मानते हुए नौकरी नहीं की उनके लिए देश ही सर्वोपरि था वे अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का विकास हो ऐसी प्रेरणा के साथ 1937 में श्री सुन्दर सिंह भंडारी से मिलने के पश्चात उनका राष्ट्रीय स्वयं संघ से संपर्क में आये अपने सभी अंकसूची एवं सर्टिफिकेट को जलाकर सारे बंधन से मुक्त होकर अपने आप को राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया वे पांचजन्य राष्ट्रधर्म एवं स्वदेश समाचार पत्र के संपादक भी रहे उन्होंने हम सभी कार्यकर्ताओं को पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों एवं उनके आदर्शो को ग्रहण करें आज समर्पण दिवस के दिन सच्ची श्रद्धांजलि होगी

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री अमित साहू, महापौर मीनल चौबे, संजय श्रीवास्तव, अमरजीत छाबड़ा, सच्चिदानंद उपासने, नंदे साहू, वर्णिका शर्मा, सूर्यकान्त राठौर, मखमूर खान, अशोक बजाज, महामंत्री द्वय अमित मैशेरी एवं गुंजन प्रजापति, उपाध्यक्ष सत्यम दुबा, अकबर अली, नवीन शर्मा, जितेन्द्र धुरंधर, तुषार चोपड़ा, संजय तिवारी, अर्चना हुकरे, सरोज साहू, श्रध्दा मिश्रा, अनीता देवांगन, चुडामणी निर्मलकर, अनूप खेलकर, पुष्पेन्द्र उपाध्याय , रोहित द्विवेदी, विशाल भूरा, रोहित भारद्वाज, अभिषेक श्रीवास्तव, रविन्द्र सिंग ठाकुर, सदाशिव सोनी, अखिलेश कश्यप, कृतिका जैन, रजियंत ध्रुव, पंकज जगत, ओमप्रकाश साहू, जीशान सिद्दीकी, शंकर साहू एवं मंडल अध्यक्ष व सभी पदाधिकारी, पार्षदगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# कोड़ापार - मुढ़ीपार सड़क की हालत जर्जर , स्कूली छात्र व ग्रामीण परेशान



**भाटापारा।** पटपर क्षेत्र में लाल बहादुर शास्त्री मिडिल स्कूल से लेकर आधारशिला स्कूल, बीजाभाट तक जाने वाली मुख्य सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं और डामर पूरी तरह उखड़ चुका है, जिससे आवागमन करने वाले नागरिकों, विशेषकर स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम कोड़ापार एवं मुढ़ीपार निवासियों का आरोप है कि क्षेत्र की कुछ मिलों द्वारा सड़क पर औद्योगिक वेस्ट और कचरा डाला जा रहा है। इसके कारण सड़क पर धूल और मिट्टी का गुबार लगातार उड़ता रहता है। सुबह - और दोपहर के समय जब स्कूल के बच्चे इस मार्ग से गुजरते हैं, तब स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। दोपहिया वाहन चालकों को संतुलन बनाए रखने पर मजबुर है। पटपर से ग्राम कोड़ापार एवं मुढ़ीपार की ओर जाने वाली मार्ग की जर्जर हालत में कठिनाई होती है वहीं पैदल चलने वालों को धूल और गंदगी से जूझना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में यही सड़क कीचड़ और जलभराव का रूप ले लेती है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।


# रोहरा में 73वां अखण्ड नवधा रामायण सामारोह



**भाटापारा।** ग्राम रोहरा में 73वां वार्षिक अखण्ड नवधा रामायण सामारोह फागुन पंचमी को प्रारंभ हुआ। जिसमें आस पास गांवों व शहरों के सत्संग प्रेमियो एवं रामायण मंडली ने भाग लिया। सामरोह में भाग लेने टोलियों को प्रोत्साहन राशि व श्रीफल जेंट कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में आचार्य पंडित सुनील तिवारी ,अशोक कुमार यदु , छबीराम साहू ,कोमल साहू , देवीदास वैष्णव , रामकुमार यदु ,अजीत साहू , पुरषोत्तम दास वैष्णव, तुलसी राम साहू, गोविंद यदु ,परसराम यदु ,नारायण , पंचराम पाल ,गुलाब साहू, नन्दु यदु, दिलीप सेन, धनेश यदु, मन्नुलाल यादव, दल्लु यदु, जीवनदास मानिकपुरी, रघुनाथ साहू ,बेदराम साहू, रघुनाथ पाल, रेवा यदु ,मोहित साहू, अनकराम यदु, देवप्रसाद साहू, डेरहा साहू, द्वारिका यदु, पप्पु शुक्ला, अशोक साहू सहित ग्रामवासियों का भरपुर सहयोग प्राप्त हुआ।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र वालों की अब खैर नहीं, छत्तीसगढ़ सरकार ने शुरू की कार्रवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे सरकारी नौकरी और शिक्षा में आरक्षण का लाभ लेने वालों के खिलाफ प्रशासन ने अपनी नकेल कस दी है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की बैठक में ऐसे 17 गंभीर मामलों पर सीधी सुनवाई की गई। प्रशासन की इस सख्ती से भविष्य में नियुक्तियों और शैक्षणिक प्रवेश में पारदर्शिता आएगी और दोषियों को जेल के साथ-साथ अपनी नौकरी से भी हाथ धोना पड़ेगा।




बैठक के दौरान कुल 17 मामलों की समीक्षा की गई। इनमें से 5 मामलों में प्रमाण पत्र धारकों को अपना पक्ष रखने का अंतिम मौका दिया गया है, जिसके लिए उन्हें अगली बैठक में जरूरी दस्तावेज पेश करने होंगे। वहीं, एक संदेहास्पद मामले में विजिलेंस टीम को दोबारा जमीनी जांच करने के आदेश दिए गए हैं।

प्रमुख सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि दोष सिद्ध होता है, तो न केवल जाति प्रमाण पत्र रद्द किया जाएगा, बल्कि संबंधित व्यक्ति को नौकरी या शिक्षा में मिले सभी आरक्षण लाभों से तत्काल वंचित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

समिति अब उन सभी 250 मामलों की फाइलें तेजी से निपटा रही है जो लंबे समय से लंबित थे। अगले चरण में उन विभागों को नोटिस जारी किए जाएंगे जहां ये संदिग्ध कर्मचारी वर्तमान में कार्यरत हैं। प्रशासन की इस सक्रियता से फर्जीवाड़ा करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

# एकल ग्रामोत्थान फाऊंडेशन के तत्वाधान में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का पटेवा में उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न












विशेष प्रतिनिधि

**महासमुंद।** महिला सशक्तिकरण (WEC) महासमुंद का उद्घाटन कार्यक्रम 10 फरवरी को मां सरस्वती मां भारती के छाया चित्र पर पुष्प अर्पण , दीप प्रज्वलन, ओम का उच्चारण, गायत्री मंत्र के जाप के साथ सफलतापूर्वक एवं गरिमामय वातावरण में ग्राम पटेवा में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकर्ता, संस्था के पदाधिकारी, प्रशिक्षकगण, स्थानीय महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिसमे

* श्री नारायण भूषणिया जी ( WEC महासमुंद प्रभारी)
* श्री संजीव पोद्दार जी( EOW प्रभारी)
* श्रीमती संध्या गुप्ता जी ( WEC चारामा प्रभारी)
* श्रीमती संध्या शर्मा जी( SSPM संच पटेवा, संभाग)
* धर्मेंद्र डडसेना ( अध्यक्ष, अंचल महासमुंद)
* श्री महेश चंद्राकर( जिला संघ चालक)
* श्री हुकुमचंद शर्मा जी ( अंचल समिति)
* श्री डॉ.सोमनाथ सिंह( संच समिती)
* श्री ओम नारायण शर्मा जी( उपाध्यक्ष संच समिती)
* श्री दुजबाई ध्रुव( सरपंच ग्रपटेवा)
* श्रीमती दिशा रामस्वरूप ( जनपद अध्यक्ष, ज. प. महासमुंद)
* श्री प्रकाश पटेल

ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े दिल्ली ऑफिस से

* श्री हिमांशु मेहरा जी (प्रोजेक्ट हेड , दिल्ली)
* श्री रोहित जी (WEC प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर दिल्ली)



एवं कार्यकर्ता

* श्री जगदीश सिदार ( ग्रामोत्थान प्रमुख छत्तीसगढ़)
* हिम्मन कुमार ( ग्रामोत्थान प्रमुख दक्षिण छ.ग.)
* ओमकार साहू ( ग्रामोत्थान प्रमुख मध्य छ.ग.)
* सालिक राम ( अंचल अभियान प्रमुख, महासमुंद)
* कन्हैया साहू (अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रमुख)
* मनोहर यादव ( फील्ड कॉर्डिनेटर गरियाबंद)
* मोहन लाल बघेल( फील्ड कॉर्डिनेटर महासमुंद)
* प्रेमलता जांगड़े ( सिलाई ट्रेनर)
* रामेश्वर यादव( संच प्रमुख, पटेवा)
* धर्मेंद्र ठाकुर ( संच प्रमुख, झलप)
* उमेंद्र यादव( संच प्रमुख, पिथौरा)
* राधेश्याम दीवान( संच प्रमुख, भुरकोनी) एवं आचार्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

सभी अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में WEC महासमुंद की भूमिका को अत्यंत सराहनीय बताया।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान केंद्र के उद्देश्यों, प्रशिक्षण गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बताया गया कि इस केंद्र के माध्यम से महिलाओं को सिलाई, हस्तकला, कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता एवं स्वरोजगार से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण से जुड़ने का आह्वान किया तथा संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। WEC महासमुंद का यह उद्घाटन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक कदम सिद्ध होगा।





प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com